उज्जैन
बुधवार
08
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-154
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



अश्लील गाने के विवाद में नोरा की मुश्किल बढ़ी पेश न होने पर महिला आयोग भड़का संजय दत्त को भी 8 अप्रैल को पेश होने का समन



## कांग्रेस बंगाल में 10 लाख तक मुफ्त इलाज देगी

**कोलकाता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने खुद को राज्य में जनता के लिए तीसरे विकल्प के रूप में पेश करते किया। कांग्रेस के घोषणापत्र में महिलाओं को हर महीने 2,000 की आर्थिक सहायता, पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर तक फ्री शिक्षा और राज्य में मुफ्त सरकारी परिवहन सुविधा देने की घोषणा की गई है। किसानों के लिए घोषणापत्र में छोटे और भूमिहीन किसानों को हर साल 15 हजार की सहायता राशि और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की बात भी कही गई है। हर परिवार को 10 लाख तक का हेल्थ इंश्योरेंस कवर देने का वादा किया है।



## कोलकाता एयरपोर्ट पर एक कार इंडिगो विमान से टकराया

**नई दिल्ली।** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक कार इंडिगो के विमान से टकरा गया। यह घटना एयरपोर्ट के पार्किंग बे नंबर-51 में हुई, जहां विमान खड़ा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैटरिंग की गाड़ी अचानक आगे बढ़ी और विमान के इंजन से टकरा गई, जिससे विमान को मामूली नुकसान हुआ। घटना के बाद विमान को जांच के लिए ग्राउंड कर दिया गया है। उसका मेंटेनेंस किया जा रहा है। यह फ्लाइट कोलकाता से गुवाहाटी जाने वाली थी। यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजा गया है। इंडिगो ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और मामले की जांच जारी है। एयरलाइन जांच में पूरी तरह सहयोग कर रही है।

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम हटाए गए

**ढाका।** टी-20 वर्ल्ड कप विवाद के बाद बांग्लादेश की नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को हटा दिया। बोर्ड के 6 अन्य डायरेक्टर्स ने भी इस्तीफा दे दिया। बोर्ड के कामकाज के लिए एड-हॉक कमेटी बनाई गई, जिसकी कमान पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सौंपी गई। यह कमेटी 90 दिनों में चुनाव कराएगी। एनएससी ने मंगलवार को बीसीबी बोर्ड को भंग करने का फैसला लिया। इसके बाद नई एड-हॉक कमेटी गठित की गई, जिसका उद्देश्य रोजमर्रा का कामकाज संभालना और तय समय में चुनाव कराना है।



## रेपो रेट में बदलाव नहीं आरबीआई ने ब्याज दर 5.25% पर बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज 8 अप्रैल को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। इससे पहले फरवरी में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था। आरबीआई ने आखिरी बार दिसंबर 2025 में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थी। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है तो बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। फरवरी 2025 में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी।

### अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद

# सेंसेक्स 2600 अंक चढ़कर 77,200 पर कारोबार कर रहा

### निफ्टी भी 750 अंक ऊपर, ऑटो, रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद आज यानी बुधवार 8 अप्रैल को शेयर बाजार में तेजी है। सेंसेक्स 2600 अंक (3.50%) चढ़कर 77,200 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी भी 750 अंक (3.24%) ऊपर है, ये 23,900 पर पहुंच गया है।

आज ऑटो, रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में ज्यादा खरीदारी है। निफ्टी का ऑटो और रियल्टी इंडेक्स करीब 5% ऊपर है। सरकारी बैंकों के इंडेक्स और मेटल इंडेक्स में भी 3% से ज्यादा तेजी है। एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स 2% से ज्यादा ऊपर कारोबार कर रहे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच 40 दिन से जारी जंग पर 2 हफ्ते के लिए ब्रेक लग गया है। दोनों देशों ने पाकिस्तान-चीन की मध्यस्थता के बाद इस सीजफायर पर सहमति जताई है।

#### एशियाई बाजार में भी तेजी

- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 6.35% चढ़कर 5,843 पर पहुंच गया है।
- जापान का निक्केई 5.12% चढ़कर 56,166 पर ट्रेड कर रहा है।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.85% चढ़कर 25,832 पर है।
- चीन का शंघाई कंपोजिट 1.92% बढ़कर 3,964 पर पहुंच गया है।



#### अमेरिकी बाजार में 7 अप्रैल को मिला जुला कारोबार

- डाउ जोन्स 85 अंक (0.18%) गिरकर 46,548 के स्तर पर बंद हुआ।
- टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.098% चढ़कर 22,017 पर बंद हुआ।
- एस एंड पी 500 इंडेक्स 5 अंक (0.076%) बढ़कर 6,616 पर बंद हुआ।
- आज कच्चा तेल 13% नीचे है। ब्रेंट क्रूड गिरकर 95 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। 28 फरवरी को अमेरिका और ईरान के बीच जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास था। फिर ये बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था।

### ईरान ने जंग रोकने के लिए 10 शर्तें रखीं

# ट्रम्प ने ईरान पर हमले रोके

### होर्मुज खोलने पर राजी, नागरिकों से कहा- जीत का जश्न मनाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर 2 हफ्तों के लिए हमले रोकने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर बताया कि ईरान की तरफ से तुरंत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने की शर्त पर बमबारी और हमले दो हफ्ते के लिए स्थगित करने के लिए राजी हूं।

ट्रम्प ने बताया कि उन्होंने यह फैसला पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर के अपील के बाद लिया है। उन्होंने कहा- हमें ईरान से 10 पॉइंट का प्रस्ताव मिला है। दोनों देशों के बीच सभी विवादित मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। अगले दो हफ्ते समझौते को अंतिम रूप देने और उसे लागू करने के लिए जरूरी होगा। ईरान ने भी सीजफायर की पुष्टि कर दी है। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने बताया कि आगे की बातचीत 11 अप्रैल से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होगी। ईरान ने दो हफ्ते के



लिए होर्मुज खोलने की जानकारी दी और अपने नागरिकों से कहा कि इस दौरान राष्ट्रीय एकता बनाए रखना और जीत का जश्न पूरी ताकत से जारी रखें।

#### पाकिस्तानी पीएम ने अमेरिका-ईरान से बातचीत की जानकारी दी थी

इससे पहले शहबाज शरीफ ने एक्स पर बताया था कि उन्होंने ट्रम्प से ईरान को दी गई डेडलाइन दो हफ्ते बढ़ाने की अपील की है। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने ईरान से भी दो हफ्तों के लिए होर्मुज खोलने की अपील की है, ताकि इसे सद्भावना के संकेत के रूप में देखा जा सके।

#### योजनाओं पर बात

होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही ईरानी सेना के समन्वय में होगी। क्षेत्र में रेजिस्टेंस एक्सिस के खिलाफ सभी युद्ध और हमले बंद किए जाएं। अमेरिका को सभी ठिकानों और बेसों से अपनी सेनाएं वापस बुलानी होंगी। होर्मुज में सुरक्षित ट्रांजिट सिस्टम स्थापित किया जाए, जिसमें ईरान की प्रमुख भूमिका हो। ईरान को युद्ध में हुए नुकसान की पूरी भरपाई मिले। उन पर लगे सभी प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिबंध (सैंक्शन्स) हटाए जाएं। विदेशों में जब्त की गई ईरान की संपत्तियों को वापस किया जाए। इन सभी शर्तों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बाध्यकारी प्रस्ताव में मंजूरी दी जाए। अमेरिका यह लिखित भरोसा दे कि वह भविष्य में ईरान पर कोई हमला नहीं करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने नागरिकों से इस बातचीत की प्रक्रिया का समर्थन करने की अपील की है। इस घोषणा के बाद तेहरान की सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग राष्ट्रीय झंडे लेकर जश्न मनाने के लिए इकट्ठा हुए।

# मुरैना में रेत माफिया ने वन रक्षक को ट्रैक्टर से कुचला

### अवैध परिवहन रोकने गई थी टीम, मर्डर के बाद रेत खाली की, फिर भागा आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मुरैना में रेत माफिया ने अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। बदमाशों ने वन रक्षक हरकेश गुर्जर को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

वारदात दिमनी थाना इलाके में रानपुर गांव चौराहे के पास बुधवार सुबह करीब 6 बजे की है। पुलिस ने बताया कि अवैध रेत परिवहन की सूचना पर वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की। वन रक्षक हरकेश गुर्जर रोकने के लिए आगे बढ़े तो विनोद ने उनको कुचल दिया। फिर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग निकला। पास ही बने पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में आरोपी विनोद



कोरी की तस्वीरें कैद हुई हैं।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिश्चंद्र बघेल मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों से बात की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव का मुरैना जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। कलेक्टर जांगिड़ ने फोन पर चर्चा में बताया कि उन्होंने घटना स्थल का मुआयना किया है। पुलिस को आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश देने के निर्देश दिए हैं। एडिशनल एसपी सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा, दिमनी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। इलाके में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है।

### यूपी में मकान तोड़ने पहुंचा प्रशासन

# विरोध में बाप और दो बेटे फंदे पर झूले, अफसरों में मचा हड़कंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के जलालाबाद के मझरेता मगटोरा गांव में चकरोड पर बने मकान को गिराने पहुंची पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के सामने पिता और उसके दो पुत्रों ने पेड़ से फंदे से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने उन लोगों को बचाया।

एक बेटे के गले में फंदा ज्यादा कसने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उन लोगों ने राजस्वकर्मियों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को नायब तहसीलदार रोहित कटियार पुलिस व राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे।



टीम ने चकरोड पर बने धनपाल के मकान को तोड़ना शुरू किया। इस पर धनपाल, उसके बेटे विवेक और दुर्गेश ने विरोध करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि वे लोग चार दशकों से ज्यादा समय से यहां पर रह रहे हैं। उन्हें पहले से सूचित भी नहीं किया गया। इस बीच क्षुब्ध होकर दुर्गेश, विवेक और धनपाल मकान के पास लगे नीम के पेड़ पर चढ़ गए। पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर गले में डाल लिया।

# उत्तराखंड- यमुनोत्री में भारी बर्फबारी

### जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड, यूपी-एमपी और राजस्थान में आंधी-बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिमला/भोपाल

देश में बैक-टु-बैक दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। आज यूपी-राजस्थान समेत 20 राज्यों में आंधी और बारिश की संभावना है। वहीं 10 राज्यों में ओले गिर सकते हैं। उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम में बर्फबारी हो रही है। राज्य के सभी जिलों में बारिश हो रही है। देहरादून में तापमान में 6℃ की गिरावट हुई है।

जम्मू-कश्मीर के रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद हो गया। वहीं हिमाचल के चंबा में मंगलवार सुबह लैंडस्लाइड से निमार्णाधीन पुल टूट गया।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में मंगलवार



देर शाम धूल भरी आंधी चली। 10 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई, कई जगह पेड़ और बिजली के पोल गिरे।

राजस्थान के उदयपुर में आंधी के कारण मकान की दीवार गिर गई, जबकि रेगिस्तानी जिलों जैसलमेर-नागौर में भी बारिश के अलावा ओलावृष्टि हुई।

मध्य प्रदेश के ऊपरी हिस्से में 3 साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) एक्टिव हैं। इस वजह से 18 जिलों में बारिश-आंधी का अलर्ट है। मंगलवार को 19 जिलों में बारिश हुई।

## खबर एक नजर...

### ड्रग्स केमिकल के मुख्य आरोपी की बढ़ी रिमांड अवधि

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने क्राइम और सायबर टीम के साथ कार्रवाई करते हुए सिंथेटिक्स ड्रग्स बनाने के मामले का बड़ा खुलासा किया था। ड्रग्स बनाने के लिये मंगवाये गये 75 किलो केमिकल को जप्त कर 8.50 लाख नगद और बलेनो कार जप्त करते हुए मुख्य आरोपी अर्पित उर्फ सौरभ गुप्ता तिरूपति धाम एक्सटेंशन, रंजीत सिंह गरोठ और ओमप्रकाश शर्मा निवासी बडौद को गिरफ्तार किया था। अर्पित का कोर्ट में पेश कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया था। वहीं दूसरे दिन रंजीत और ओमप्रकाश को पेश कर रिमांड मांगा गया था। मंगलवार को अर्पित का रिमांड खत्म होने पर उसे दोबारा कोर्ट में पेश कर रिमांड अवधि पांच दिन बढ़वाई गई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि पूछताछ में मुख्य आरोपी अर्पित से कई जानकारी मिली है। जिसके चलते एक टीम को डग-बडौद भेजा जा रहा है। संभावना है कि एमडीएमए ड्रग्स से जुड़े कुछ ओर लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। वहीं रिमांड पर चल रहे रंजीत और ओमप्रकाश को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा। विदित हो कि पुलिस ने 3 अप्रैल को आगररोड स्थित अर्पित गुप्ता के कृष्णा मोटर्स गैरेज पर दबिश मारी थी। जहां से ड्रग्स बनाने का केमिकल ब्रोनोपोल, के साथ 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफिनोन जैसे घातक रसायन जप्त किये थे। जो अर्पित ने गुजरात-महाराष्ट्र से मंगवाये थे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि घातक रसायन को ड्रग्स बनाने के लिये झालावाड़ में ठिकाने लगाया जाता था।

### बिछाखेडी मार्ग पर दुर्घटना, पुत्र की मौत मां घायल

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम बिछाखेड़ी मार्ग पर मंगलवार को सड़क दुर्घटना में पुत्र की मौत हो गई और मां गंभीर रूप से घायल हुई है। मृतक पुत्र परिवार का एकलौता था। दुर्घटना के बाद चालक और उसके साथी कार छोड़कर भाग निकले थे। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि बिछाखेडी मार्ग पर दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। जहां सामने आया कि बाइक और कार के बीच टक्कर हुई है। बाइक पर ऋतिक पिता भरतलाल मालवीय 18 साल निवासी ग्राम हरसोदन मक्सीरोड थाना पंवासा और उसकी मां ममता मालवीय सवार थे। घटनास्थल पर ही ऋतिक की मौत हो चुकी थी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान सामने आया कि उनकी बाइक को कार क्रमांक एमपी 04 सीवी 7845 ने टक्कर मारी थी। जिसका चालक और उसमें सवार कुछ लोग कार छोड़कर भाग निकले है। मामले में दुर्घटना का प्रकरण दर्ज कर मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये थे।

### प्राचीन बावड़ी की सफाई कर फव्वारे चालू करने के निर्देश

**उज्जैन।** प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चल रहा है। अभियान में नदी, तालाब, कुएं, बावड़ियों की सफाई की जा रही है। जल संरक्षण के काम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम ने मंगलवार को वार्ड 50 के ऋषि नगर में विशेष अभियान चलाकर विशाल नर्सरी में स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई कराई। बावड़ी के पानी का उपयोग नर्सरी में पौधों को पानी देने में होता है। अपर आयुक्त ने बावड़ी के जीर्णोद्धार और फाउंटेन चालू करने के निर्देश दिए।

### यूएमसी सेवा एपः टैक्स सहित अन्य सेवाएं घर बैठे

**उज्जैन।** नगर निगम ने यूएमसी सेवा एप को अपडेट किया है। अब शहरवासी घर बैठे ही जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही प्रॉपर्टी टैक्स और जलकर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इससे पहले इस एप पर केवल शिकायतें दर्ज की जाती थी।एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप से नागरिक मोहल्ला, वार्ड और जोन से जुड़ी समस्याएं दर्ज कर सकते हैं। शिकायत की स्थिति और समाधान पूरी पारदर्शिता के साथ एप पर दिखाई देगा। समाधान के बाद नागरिक का फीडबैक रिकॉर्ड किया जाएगा।

# दो और मकान गिरने की हालत में

## महाकाल मार्ग खतरनाक हुआ, उज्जैन में तीन मंजिला बिल्डिंग गिरी, नहीं रोकी आवाजाही, निगम बोला- खतरा बरकरार





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन में 568 मकानों के हिस्से हटाने वाले रोड चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के बीच एक मकान गिरने के बाद भी खतरा टला नहीं है। जिस जगह हादसा हुआ, वहां दो और मकान गिरने की स्थिति में हैं।

खास बात यह है कि नगर निगम को पहले से इस खतरे का अंदेशा था, लेकिन समय रहते न तो पानी निकाला गया और न ही इलाके को पूरी तरह खाली कराया गया। बता दें कि सोमवार शाम को महाकाल मंदिर जाने वाले मार्ग पर एक तीन मंजिला मकान गिर गया था। इसका वीडियो भी सामने आया था।

मंगलवार को टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि गिरे मकान का मलबा हटा दिया गया है, लेकिन घरों के सामने पिछले एक महीने से भरा पानी जस का तस है। इसी वजह से मकानों की नींव कमजोर हो चुकी है। इसके बावजूद सड़क पर आम लोगों की आवाजाही जारी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**लोग घर छोड़कर होटलों में शिफ्ट-** स्थानीय लोग डर के चलते अपने घर छोड़ने को मजबूर हैं। गेबी हनुमान क्षेत्र की शीतल मोदी ने बताया कि पास का मकान गिरने के बाद उन्होंने अपना घर बंद कर होटल में शिफ्ट कर लिया है। उनका कहना है कि उनके घर की नींव भी एक महीने से पानी में डूबी हुई है, ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है।

**कई बार शिकायतें की, कार्रवाई नहीं हुई-** रहवासी आफताब शेख का कहना है कि उन्होंने नगर निगम को कई बार चेताया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि ऐसा लग रहा है जैसे प्रशासन एक और मकान गिरने का इंतजार कर रहा है।

### रहवासी बोले- एक महीने से यहां पानी जमा

रहवासियों के मुताबिक, लगातार खुदाई के दौरान मकानों की नींव तक मिट्टी हटा दी गई और एक महीने से पानी जमा है, जिससे हालात और खराब हो गए हैं। इसको लेकर कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हो रहा काम

दरअसल, वीडी क्लॉथ मार्केट से छोटी पुलिया तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट में 568 मकानों के हिस्से हटाकर सड़क चौड़ी की जा रही है। करीब 27 करोड़ रुपए की लागत से यह काम सिंहस्थ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया जा रहा है।

### निगम उपायुक्त बोले- हालात अभी भी जोखिम भरे

नगर निगम के उपायुक्त संतोष टैगोर ने भी माना है कि दो-तीन मकान अभी भी गिरने की स्थिति में हैं। उनका कहना है कि स्थिति का आकलन किया जा रहा है। हालांकि, मौके पर हालात अभी भी जोखिम भरे बने हुए हैं।

### परीक्षा में पूछा- अल्लाह के सिवा दूसरा कोई नहीं

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के बीकॉम बीसीए में पूछे गए प्रश्न पर विवाद, जांच के आदेश

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के बीकॉम और बीसीए तृतीय वर्ष के फाउंडेशन पेपर में पूछे गए एक प्रश्न से विवाद खड़ा हो गया है। सोमवार को आयोजित परीक्षा में पूछा गया-अल्लाह के सिवा दूसरा कोई नहीं है। इसके साथ चार विकल्प दिए गए थे, जिनमें 1. सोमेश्वर, 2. खुदा, 3. शक्तिवान, 4. दंड देने वाला शामिल थे।

इस प्रश्न को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताते हुए प्रश्न पत्र बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के बीकॉम और बीसीए तृतीय वर्ष के फाउंडेशन कोर्स का पेपर सोमवार को आयोजित हुआ था। पेपर सामने आने के बाद उज्जैन सहित रतलाम में हिंदूवादी संगठनों ने इस पर आपत्ति जताई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पेपर किसने तैयार किया था। उज्जैन में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक रितेश माहेश्वरी ने कहा कि जिस प्रोफेसर ने इस तरह का पेपर सेट किया है, उसके खिलाफ विश्वविद्यालय को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इधर विवाद बढ़ता देख सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलसचिव अनिल शर्मा ने जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि मामला परीक्षा समिति को भेजा गया है। यह सवाल बीकॉम और बीसीए के फाउंडेशन पेपर में पूछा गया था। फाउंडेशन कोर्स में विभिन्न धर्मों से जुड़े प्रश्न होते हैं, लेकिन इस तरह का प्रश्न अपेक्षित नहीं है। परीक्षा समिति की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में छात्रा के साथ छेड़छाड़

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में फोरेंसिक विभाग के छात्रों ने परिसर में सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। मंगलवार को एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ की शिकायत के बाद छात्रों ने कुलसचिव कार्यालय का घेराव किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने और पेट्रोलिंग बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

विश्वविद्यालय परिसर में हुई छेड़छाड़ की घटना से आहत होने के कारण पीड़ित छात्रा ने मीडिया के सामने आने और कोई बयान देने से इनकार कर दिया है। कुलसचिव ने पुलिस के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कहा फिलहाल आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है, यह जांच का विषय है। विश्वविद्यालय के छात्रों का आरोप है कि परिसर में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे छात्र-छात्राएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर छात्र कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा से मिले और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से परिसर में नियमित रूप से कम से कम तीन बार पेट्रोलिंग करने का अनुरोध किया है, ताकि भविष्य में फिर से ऐसी कोई घटना नहीं हो सके।

# सिंहस्थ महापर्व में रक्षा साथी संभालेंगे सुरक्षा मोर्चा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन पुलिस ने आगामी सिंहस्थ महापर्व और अन्य बड़े धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा के लिए एक नया मॉडल तैयार किया है। मंगलवार को आयोजित सामुदायिक पुलिसिंग क्षमता वर्धन कार्यशाला में इस मॉडल को अंतिम रूप दिया गया, जिसमें आम जनता की सीधी भागीदारी से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया है।

इस मॉडल के तहत, सिंहस्थ में 'सिंहस्थ रक्षा साथी' और स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स) महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये स्वयंसेवक पुलिस और प्रशासन के बीच एक सेतु का काम करेंगे, जिससे भीड़ प्रबंधन, सूचनाओं का आदान-प्रदान और आपातकालीन



स्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रशासन ने अधिक से अधिक स्वयंसेवकों को जोड़ने के लिए कई सुविधाएं प्रस्तावित की हैं। सेवा देने वाले वॉलंटियर्स को मानदेय, आधिकारिक प्रमाण-पत्र और आयोजन के दौरान ठहरने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं और स्थानीय निवासियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए, उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता ने सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजनों में नगर रक्षा समिति के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए जनता के साथ समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के 26 जिलों से नोडल अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। इन अधिकारियों ने सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और जनभागीदारी बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। यह मॉडल कई मायनों में खास है क्योंकि यह पहली बार बड़े स्तर पर स्वयंसेवक-आधारित सुरक्षा प्रणाली को लागू करेगा। इसमें नगर रक्षा समिति को सक्रिय भूमिका दी जाएगी, जिससे पुलिस और आम लोगों के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा। यह बड़े आयोजनों में वास्तविक समय (रियल टाइम) सहायता प्रणाली प्रदान करेगा। कार्यशाला के अंत में अधिकारियों ने इस मॉडल को आगामी सिंहस्थ की तैयारियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

उज्जैन
बुधवार
08
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

माता शत्रुः पिता वैरी येन बालों ने पाठितः।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।

**अर्थः** जो माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षित नहीं करते हैं, माता शत्रु के समान होती है और पिता शत्रु के समान, ऐसा व्यक्ति हंसी के बीच बगुले की तरह विद्वानों के जमावड़े को नहीं शोभा पाता है।

## खबर एक नजर...

### सुसाइड से पहले बनाया वीडियो एसआई पर लगाए आरोप

**इंदौर।** इंदौर में टैक्सी ड्राइवर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले वीडियो बनाकर सब इंस्पेक्टर पर प्रताड़ना के आरोप लगाए। कहा कि राजेंद्र नगर थाने के रक मनोहर पाल ने मारपीट की। 50 हजार रुपए की अवैध वसूली का दबाव बनाया। टैक्सी ड्राइवर अभिषेक पाटिल राऊ थाना इलाके के पलाश परिसर में फ्लैट किराये से लेकर रहता था। सोमवार रात उसकी टैक्सी का एक कार से एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद पुलिस उसे गाड़ी समेत थाने ले आई थी। मामले के सामने आने के बाद रक मनोहर पाल को सस्पेंड कर दिया गया है। देर रात घर लौटने के बाद अभिषेक ने वीडियो बनाकर परिजन को भेजा। इसमें कहा कि एक्सीडेंट में उसकी कोई गलती नहीं थी, इसके बावजूद गाड़ी छोड़ने के लिए रक मनोहर पाल ने 50 हजार रुपए मांगे। उसने कहा कि वह इतने पैसे नहीं दे पाएगा तो मारपीट भी की। जेल भेजने की धमकी दी। वीडियो में अभिषेक ने यह भी बताया कि उसे थाने ले जाने वाले पुलिसकर्मी और टीआई का व्यवहार ठीक था, लेकिन रकपाल ने अभिषेक के साथ बदसलूकी की। दूसरे पक्ष की गाड़ी छोड़ दी क्योंकि उसका ड्राइवर मनोहर पाल का परिचित था।

### प्रेमिका की मौत के 10 माह बाद प्रेमी पर एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय युवती की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने 10 महीने बाद उसके प्रेमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। परिवार के बयान और मोबाइल चैटिंग के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, 14 मई 2025 को स्वाति सोलंकी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह विदुर नगर में रहती थी और वैष्णो कॉलेज से मैनेजमेंट में मास्टर्स की पढ़ाई कर रही थी। मृतका के पिता गजानंद सोलंकी ने आरोप लगाया कि स्वाति का लोकेश चौहान के साथ पिछले 5 साल से संबंध था। दोनों ने द्वारकापुरी इलाके में एक कमरा भी लिया था, जहां वे मिलते थे। स्वाति वहीं सिलाई का काम भी करती थी। परिवार के मुताबिक, उन्होंने स्वाति को इंटरकास्ट मैरिज से मना किया था, लेकिन वह लोकेश से ही शादी करने की जिद पर अड़ी थी। आरोप है कि लोकेश अक्सर उससे विवाद करता था, अपशब्द कहता था और परिवारिक कार्यक्रमों में जाने से भी रोकता था।

### जूनी इंदौर थाने पहुंचे बीजेपी पार्षद कालरा और समर्थक

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाने में मंगलवार रात बीजेपी पार्षद कमलेश कालरा अपने समर्थक सचिन जेसवानी के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर सचिन जेसवानी भी थाने पहुंच गए। हालांकि दोनों पक्ष पुलिस अधिकारियों से मिलकर वापस लौट गए। कुछ दिन पहले सचिन जेसवानी से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक महिला से पार्किंग को लेकर कहासुनी होती दिखाई दी थी। यह वीडियो पमनानी नाम के युवक ने बनाया था, जिसे कालरा का समर्थक बताया जा रहा है। सचिन जेसवानी ने थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि महिला ने एक किरायेदार रखा है, जो उनके घर के पास कार पार्क करता है, लेकिन उसकी जानकारी थाने में नहीं दी गई। इसके बाद महिला ने किरायेदार को हटा दिया। वहीं, महिला ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसका सचिन से कोई विवाद नहीं है। मंगलवार को कमलेश कालरा उसी महिला के साथ एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे थे, लेकिन दोनों पक्ष एसीपी और टीआई से चर्चा के बाद बिना शिकायत दर्ज कराए वापस लौट गए।

---

**इंदौर की फैमिली कोर्ट ने दी मंजूरी, पत्नी को 2 करोड़ रुपए एलुमनी का आदेश**

# रेप केस में सजा काट रहे नारायण साईं को तलाक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



मध्यप्रदेश के इंदौर में फैमिली कोर्ट ने नारायण साईं और उनकी पत्नी जानकी के बीच लंबे समय से चल रहे वैवाहिक विवाद में तलाक को मंजूरी दे दी है।

कोर्ट ने नारायण साईं को पत्नी को 2 करोड़ रुपए स्थायी भरण-पोषण (एलुमनी) देने का आदेश दिया है। यह मामला करीब आठ साल तक कोर्ट में चला। कोर्ट ने 2 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखने के बाद आदेश पारित किया था, जिसकी जानकारी मंगलवार को पीड़िता के वकील अनुराग गोयल ने दी। बता दें कि नारायण सांई अभी दुष्कर्म के एक मामले में सूरत जेल में बंद है। 24 मार्च को ही उसे इंदौर की फैमिली कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था।

**2008 में शादी, 2013 से अलग रह रहे थे-** याचिका के मुताबिक, जानकी और नारायण साईं की शादी 2008 में हुई थी, लेकिन 2013 से दोनों अलग रह रहे हैं। पत्नी ने पति पर परित्याग का आरोप लगाया और कहा कि लंबे समय से उनके बीच वैवाहिक संबंध नहीं हैं।

**5 करोड़ मांगे, कोर्ट ने 2 करोड़ तय किए-** याचिका में नारायण साईं पर अन्य महिलाओं से संबंध होने के आरोप लगाए गए। साथ ही सूरत की अदालत में दुष्कर्म मामले में सुनाई गई सजा का भी उल्लेख किया गया। पत्नी ने 5 करोड़ रुपए एलुमनी की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 2 करोड़ रुपए देने का आदेश दिया।

### 50 लाख भरण-पोषण बकाया

धारा 125 सीआरपीसी के तहत पहले 50 हजार रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण तय किया गया था, लेकिन यह नियमित रूप से नहीं दिया गया। वकील के मुताबिक, करीब 50 लाख रुपए बकाया हैं, जिसकी वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### हाई कोर्ट में चुनौती की संभावना

जानकारी के अनुसार, इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। संपत्ति के सत्यापन को लेकर इंदौर कलेक्टर को निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक पूरी जानकारी कोर्ट में पेश नहीं हो सकी है।

### यौन शोषण केस में आजीवन कारावास

नारायण साईं को सूरत की दो बहनों के साथ रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। साल 2013 में सूरत की दो बहनों ने केस दर्ज कराया था। छोटी बहन ने नारायण साईं के खिलाफ यौन शोषण का मामला दर्ज कराया था, जबकि बड़ी बहन ने उसके पिता आसाराम के खिलाफ शिकायत की थी। छोटी बहन के आरोप के अनुसार, नारायण साईं ने 2002 से 2005 के बीच उसके साथ कई बार रेप किया था। पीड़िता आसाराम के आश्रम की 'सेविका' थी। उसने सूरत के जहांगीरपुरा आश्रम, गांभोई आश्रम, पटना आश्रम, काठमांडू आश्रम और मध्य प्रदेश के मेघनगर आश्रम ले जाकर रेप करने का आरोप लगाया था।

---

**इंदौर नगर निगम बजट पर आज बहस**

# टैक्स बढ़ाया ना दरें, इनकम के लिए पुराने मार्केट्स करेंगे नए : महापौर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



मंगलवार को इंदौर नगर निगम ने 8455 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। हालांकि बजट पेश होने से पहले श्रद्धांजलि के दौरान ही सदन में जमकर हंगामा देखने को मिला। अब बुधवार को बजट पर चर्चा और बहस होनी है, जिसमें एक बार फिर जोरदार टकराव की संभावना जताई जा रही है।

**पानी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा फोकस-** बजट में मास्टर प्लान की सड़कों को तय समय में पूरा करने, नई सड़कों के निर्माण और अधूरी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर जोर दिया गया है।

वहीं पानी से जुड़े प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता दी गई है, जिसमें नर्मदा परियोजना का चौथा चरण, नई पाइपलाइन बिछाना, पुरानी पाइपलाइन बदलना और हर वार्ड में पानी टेस्टिंग लैब स्थापित करने का लक्ष्य शामिल है।

अमृत-2 और अन्य योजनाओं के तहत 1500 करोड़ रुपए से अधिक के काम किए जाएंगे। इनमें पानी की टंकियां, सीवरेज सिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रमुख हैं।

**कोई नया टैक्स नहीं, फोकस अधूरे काम पूरे करने पर-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है और न ही किसी टैक्स में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि परिषद का कार्यकाल सीमित बचा है, इसलिए पुराने और अधूरे कामों को समय पर पूरा करना प्राथमिकता है। राजस्व बढ़ाने के लिए पुराने मार्केट्स को पुनर्विकसित करने, एडवर्टाइजमेंट राइट्स में नई गैन्ट्री लगाने और पार्किंग स्थलों को ठेके पर देने का प्रावधान किया गया है। भागीरथपुरा क्षेत्र में ड्रेनेज और पानी की नई लाइन को और मजबूत करने की भी योजना है।

**विपक्ष का हमला तय-** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि बजट चर्चा के दौरान विपक्ष सभी मुद्दों को उठाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट भाषण में कई तथ्य गलत पेश किए गए हैं, जिन पर सदन में सरकार को घेरा जाएगा।

---

**इंदौर में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई**

# पीडब्ल्यूडी के दो अधिकारी 90 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर में लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के दो अधिकारियों को 90 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, आवेदक राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, निवासी रामनगर आदर्शपुरम, ग्वालियर, जो सांई एसोसिएट फर्म में लायजनिंग मैनेजर हैं। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी फर्म ने सितंबर 2025 में राऊ से बामपुरा तक इलेक्ट्रिक सिटिंग का काम 20 लाख रुपए में लिया था, जिसे एक माह में पूर्ण कर दिया गया था। कार्य पूर्ण होने के बाद जीएसटी सहित 17 लाख रुपए का भुगतान लंबित था। शिकायत में बताया गया कि भुगतान जारी करने के एवज में आरोपी बालकुमार जैन (सहायक यंत्री/प्रभारी कार्यपालन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत व यांत्रिकी संभाग इंदौर) ने 4% के हिसाब से 60 हजार रुपए और आरोपी धीरेंद्र कुमार नीमा (सब इंजीनियर/प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी) ने 2% के हिसाब से 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इस प्रकार कुल 90 हजार रुपए की मांग की गई थी।

---

**वॉर क्राइसेस के बीच सरकार का उद्योगों पर शिकंजाः कर्मचारियों की संख्या बताना किया अनिवार्य**

# लीज रेंट भरने से पहले 3 साल का टर्न ओवर मांगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध के चलते पहले से ही संकट झेल रहे उद्योगों पर अब सरकार ने भी सख्ती शुरू कर दी है। सरकार ने उद्योगों के लिए लीज रेंट जमा करने से पहले नई शर्त लागू कर दी है। अब उद्योगों को अपने पिछले तीन वर्षों के टर्नओवर, स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों और मजदूरों की संख्या की जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी।

यह जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध विंडो में भरने के बाद ही लीज रेंट जमा करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उद्योग संगठनों का कहना है कि युद्ध के कारण उद्योग पहले ही दबाव में हैं, ऐसे में नए नियम लागू करना ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की भावना के विपरीत है।

तीन प्रकार की मांग रहे जानकारी देश-दुनिया में चल रही उथल-पुथल के कारण उद्योग कच्चे माल, संसाधनों और पूंजी के संकट से गुजर रहे हैं। इसका असर सरकारी राजस्व पर भी पड़ रहा है। उद्योगपति समय पर लीज रेंट और अन्य शुल्क जमा करना चाहते हैं, लेकिन नई शर्तों के कारण प्रक्रिया जटिल हो गई है।

पोर्टल खोलते ही एक विंडो में तीन प्रकार की जानकारी मांगी जा रही है। पहला, वार्षिक टर्नओवर; दूसरा, किया गया निवेश; और तीसरा, कर्मचारियों/रोजगार की संख्या। उद्योगों को 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के आंकड़े भरने के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी करने दी जा रही है।

**आर्थिक संकट के बीच नई शर्त-** सरकार की इस अनिवार्यता को लेकर उद्योगपति हैरान हैं। उनका कहना है कि टर्नओवर की जानकारी देना समझ में आता है, लेकिन निवेश और रोजगार के आंकड़े हर साल बदलते रहते हैं। ये सभी जानकारियां पहले ही जीएसटी, प्रोविडेंट फंड और आयकर विभाग को दी जाती हैं। ऐसे में अचानक तीन साल का डेटा फिर से अनिवार्य करना तर्कसंगत नहीं है।

उद्योगपतियों का कहना है कि वर्तमान समय आर्थिक संकट जैसा है। पूंजी की कमी के कारण उद्योग पहले ही दबाव में हैं। नई शर्तों के कारण लीज रेंट जमा करने में देरी हो सकती है, जिससे पेनल्टी लगेगी और सरकार को भी समय पर राजस्व नहीं मिल पाएगा।

**संकट के समय राहत की जरूरत-** पीथमपुर औद्योगिक संगठन के गौतम कोठारी ने कहा कि सरकार से इस समय राहत की अपेक्षा थी, लेकिन इसके उलट अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर प्रदेश के अन्य औद्योगिक संगठनों से चर्चा कर सरकार को पत्र लिखा जा रहा है।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय जैन कवि संगम के कवि समागम में गीतकार सुगनचंद जैन 'स्वर्णाक्षर सम्मान' से अलंकृत

**उज्जैन।** राष्ट्रीय जैन कवि संगम की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा कवि समागम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विचार क्रांति साहित्य मंच की ओर से गीतकार सुगनचंद जैन को 'स्वर्णाक्षर सम्मान' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान श्रीमती संगीता तल्लेरा एवं डॉ. खुशबू बाफना ने नवकार मंत्र की प्रस्तुति दी, जबकि कालापीपल से आई राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. साक्षी जैन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। समारोह की अध्यक्षता जैन कवि संगम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्रपाल जैन ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय गीतकार हेमंत श्रीमाल तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। जैन कवि संगम की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा किए जा रहे श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन का अतिथियों एवं उपस्थित कवियों द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विचार क्रांति साहित्य मंच की ओर से संयोजक अनिल पांचाल के नेतृत्व में उपस्थित वरिष्ठ कवियों ने सुगनचंद जैन को 'स्वर्णाक्षर सम्मान' प्रदान किया। सम्मान पत्र का वाचन विक्रम विवेक ने किया। इस साहित्यिक आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया, चित्रकार कृष्ण जोशी, कवि अशोक भाटी, अशोक नागर, सुरेंद्र सर्किट, राहुल शर्मा, कुमार संभव, विक्रम विवेक, नरेंद्र सिंह अकेला, अनुज पांचाल, शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कराके, रमेश चंद्र चाँगेसिया, सुरेश यादव, मनोहर रांगी, शशांक दुबे, राजेश रावल, अनिल पांचाल सेवक, कमल पटेल, संतोष सुपेकर, तरुण उपाध्याय, डॉ. सीमा जोशी, सुनीता राठौर, राकेश चौरडिया, राकेश खेमसारा, अमरीश जैन, भारती जैन, दिलीप जैन, संदीप सृजन, प्रदीप बदनोरे, राजेश जैन अजंता, जवाहर डोसी महिदपुर, जैनेंद्र खेमसरा महिदपुर, लोकेश सरगम नागदा, वैशाली शुक्ला, आयुषी भंडारी इंदौर, समर्थ भावसार, शुभम शर्मा, हर्ष सैनी और गोपाल गर्वित आदि कवि एवं साहित्यकार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में छात्रा के साथ छेड़छाड़:

# छात्रों ने कुलसचिव कार्यालय घेरा, पुलिस से की सुरक्षा की मांग

### पीड़ित छात्रा ने मीडिया को बयान देने से किया इनकार

### असामाजिक तत्वों से असुरक्षित महसूस कर रहे स्टूडेंट्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में फोरेंसिक विभाग के छात्रों ने परिसर में सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। मंगलवार को एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ की शिकायत के बाद छात्रों ने कुलसचिव कार्यालय का घेराव किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने और पेट्रोलिंग बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

विश्वविद्यालय परिसर में हुई छेड़छाड़ की घटना से आहत होने के कारण पीड़ित छात्रा ने मीडिया के सामने आने और कोई बयान देने से इनकार कर दिया है। कुलसचिव ने पुलिस के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कहा फिलहाल आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है, यह जांच का विषय है।

विश्वविद्यालय के छात्रों का आरोप है कि परिसर में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे छात्र-छात्राएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर छात्र कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा से मिले और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से परिसर में नियमित रूप से कम से कम तीन बार पेट्रोलिंग करने का अनुरोध किया है, ताकि भविष्य में फिर से ऐसी कोई घटना नहीं हो सके।

# लोक निर्माण समिति प्रभारी शिवेंद्र तिवारी द्वारा मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण समिति प्रभारी श्री शिवेंद्र तिवारी द्वारा मंगलवार को कोयला फाटक से निजातपुरा, कंठाल चौराहा एवं ढाबा रोड पर चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री शिवेंद्र तिवारी द्वारा अधिकारियों से चर्चा के दौरान कहा कि जिन क्षेत्रों पर चौड़ीकरण के कार्य चल रहे हैं खुदाई के कार्य के पश्चात मलवा हटाए जाने की कार्यवाही करें, नाली निर्माण के कार्य शीघ्र प्रारंभ करते हुए पानी की निकासी की जाए साथ ही पंचकोशी यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए मार्ग पर कार्य की गति बढ़ाएं एवं जिन क्षेत्रों में भी कार्य चल रहे हैं वहां जर्जर एवं गिराऊ भवनों को चिन्हित करते हुए हटाने की कार्यवाही करें साथ ही मकानों की तुड़ाई के समय सुरक्षा एवं सावधानी का ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री हिमांशु तिवारी, भवन अधिकारी श्री राजकुमार राठौर, सहायक यंत्री श्री डीएस परिहार एवं कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहें।

# उज्जैन की लोक गायिका यशस्विनी निगम 'राष्ट्रीय गुजरात गौरव सम्मान' से अलंकृत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक संगीत, गीत एवं लोकनाट्य लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उज्जैन की लोक गायिका यशस्विनी निगम को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय गुजरात गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया है। गुजरात के वलसाड स्थित हार्टफुलनेस योग प्रशिक्षण केंद्र में 5 अप्रैल को आयोजित भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह का आयोजन यूनिक रिकॉर्ड्स ऑफ यूनिवर्स और धरा धाम अंतरराष्ट्रीय गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रसेवा, संस्कृति रक्षा एवं मानवता के प्रति विशिष्ट योगदान देने वाली देश भर की 51 उत्कृष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें उज्जैन की यशस्विनी निगम शामिल हैं। इस अवसर पर प्रो. अजित कुमार जैन, प्रो. जनक सिंह मीणा, डॉ. डी.आर. रेवाला, डॉ. अभिषेक कुमार और डॉ. सौरभ पांडेय सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह में लोक गायिका को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की गई।

### लोक गायन और लेखन में निरंतर सक्रिय

माच कला और लोक संगीत को सहेजने में यशस्विनी निगम राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर निरंतर सक्रिय हैं। वे लोक गायन के साथ-साथ गीत और लोकनाट्य लेखन में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। उनका यह कार्य लोक विद्या को जीवित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप में चार पदक जीतकर उज्जैन पहुंचीं भूमि अग्रवाल, लिया महाकाल का आशीर्वाद

### दक्षिण अफ्रीका में आयोजित मॉडर्न पेंटाथलॉन में किया शानदार प्रदर्शन, श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल ने किया भव्य स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



दक्षिण अफ्रीका में आयोजित मॉडर्न पेंटाथलॉन वर्ल्ड चैंपियनशिप में चार पदक जीतकर देश और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करने वाली बेटी भूमि अग्रवाल ने उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस शानदार उपलब्धि के बाद उज्जैन आगमन पर श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस सफलता से पूरे प्रदेश और अग्रवाल समाज में हर्ष का माहौल है।

मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल एवं सचिव दीपेश अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने के बाद भूमि सबसे पहले उज्जैन आईं। मंडल के सदस्यों ने उन्हें महाकाल मंदिर में विधिवत दर्शन करवाए। इसके पश्चात आयोजित सम्मान समारोह में फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन कर उपलब्धियों की सराहना की गई।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल ने कहा कि भूमि की यह सफलता युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने अपने परिश्रम से साबित कर दिया है कि लगन और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अपने सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए भूमि अग्रवाल ने कहा कि वे भविष्य में भी देश के लिए और अधिक पदक जीतने का प्रयास करती रहेंगी। इस अवसर पर श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल के संगठन मंत्री मोनिल अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल गर्ग एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ने जीता फर्स्ट रनरअप का खिताब

### मंगलौर में सुदर्शन, सुमित और मयंक ने जीते पदक, टीम ने कुल 39 अंक किए हासिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कर्नाटक के मंगलौर में 24 से 28 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग महिला-पुरुष चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम चैंपियनशिप में फर्स्ट रनरअप का ऐतिहासिक खिताब अपने नाम किया है। मध्य प्रदेश ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 39 अंक हासिल कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।




इस पांच दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन पावरलिफ्टिंग इंडिया के तत्वावधान में कर्नाटक पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन और काशाप फिटनेस कोडीयालबेल द्वारा किया गया था, जिसमें देशभर के करीब 245 खिलाड़ियों ने अपनी चुनौती पेश की।

### सुदर्शन को स्वर्ण, सुमित को रजत और मयंक को कांस्य

मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी कमल नंदवाना और शिव प्रसाद कुरे ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार ताकत का प्रदर्शन किया। 120+ किलोग्राम वजन वर्ग में सुदर्शन तिवारी ने 770 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, 74 किलोग्राम वजन वर्ग में सुमित सिंह ठाकुर ने 645 किलोग्राम वजन के साथ रजत पदक और 120 किलोग्राम वजन वर्ग में मयंक जोशी ने कुल 786 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम के कोच की अहम भूमिका आशीष जैन द्वारा निभाई गई।

### इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी रहा सराहनीय

पदक विजेताओं के अतिरिक्त टीम के अन्य खिलाड़ियों अरिहंत जैन, ध्रुव राज कुरे, अभिषेक शर्मा, रूपम सकवार, परितेश पॉल, अलका चौकियां, कुसुम लता सारोट, मीना शर्मा, आयुषी अग्रवाल, पूजा बंधाया और सीमा रायकवार का प्रदर्शन भी चैंपियनशिप में बेहद शानदार रहा।

मध्य प्रदेश टीम की इस स्वर्णिम सफलता पर संस्था प्रमुख महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, के.आर. तिवारी, रमेश दवे, प्रेमसिंह यादव, प्रशांत मिश्रा, शरीफ खान, विस्टन लाल, अजय जायसवाल, सत्तनारायण वारिया, जे.सी. राठौर और शशिकांत सहित पूरे पावरलिफ्टिंग परिवार ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## खबर एक नजर...

### डॉ. अनुराधा शर्मा और गीता पराग को मिलेगा 39वां 'भेराजी सम्मान'

**उज्जैन।** मालवी एवं निमाड़ी लोक संस्कृति के प्रतिष्ठित 39वें 'भेराजी सम्मान' के लिए इस वर्ष प्रख्यात लोकगायिका डॉ. अनुराधा शर्मा और पारंपरिक भक्ति संगीत गायिका गीता पराग को चुना गया है। यह सम्मान समारोह आगामी 18 अप्रैल को कालिदास अकादमी में आयोजित किया जाएगा। मालवा लोककला एवं संस्कृति संस्थान के संयोजक-सचिव जयेश भेराजी ने बताया कि डॉ. अनुराधा शर्मा निमाड़ी और मालवी लोक बोलियों के संरक्षण के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। वे आकाशवाणी और दूरदर्शन की ख्यात लोकगायिका हैं। वहीं, गीता पराग पिछले दो दशकों से अपने पारंपरिक लोकगीतों और भक्ति संगीत की प्रस्तुतियों से देशभर में ख्याति व सम्मान अर्जित कर चुकी हैं।

### लोकगायक भेराजी की स्मृति में होता है आयोजन

उल्लेखनीय है कि यह सम्मान आकाशवाणी के बेजोड़ लोकगायक भेराजी (स्व. सीताराम वर्मा) की पुण्यतिथि 18 अप्रैल को प्रतिवर्ष आयोजित होता है। इस समारोह की स्थापना उनके सुपुत्र, प्रसिद्ध अभिनेता, निमार्ता और लोक संस्कृति के संवाहक स्व. कैलाश वर्मा ने की थी।

इससे पूर्व भेराजी सम्मान से बालकवि बैरागी, हरीश निगम, भावसार बा, मोहन सोनी, पद्मश्री भगवतीलाल राजपुरोहित, भगवती शर्मा, शिव चौरसिया, नरेंद्र सिंह तोमर, उदित तिवारी और सुंदरलाल मालवीय जैसी मूर्धन्य हस्तियों को अलंकृत किया जा चुका है।

### निगम आयुक्त ने रात में किया सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार रात्रि को शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। वे निगम अधिकारियों के साथ कोयला फाटक से निजातपुरा होते हुए कंठाल तक पहुंचे और मौके पर कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौड़ीकरण कार्य के दौरान सड़कों पर कहीं भी पानी जमा नहीं होना चाहिए। इसके लिए नाली निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नालियों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो, इस पर विशेष ध्यान रखा जाए। कोतवाली रोड पर चल रहे खुदाई कार्य को देखते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि वहां नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए और कार्य में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। आयुक्त मिश्रा ने विशेष रूप से उन क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, जहां मार्ग चौड़ीकरण के चलते जर्जर एवं गिराऊ भवन मौजूद हैं। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे भवनों को चिन्हित कर तत्काल हटाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि की संभावना न रहे। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने पर भी जोर दिया गया।

# संवाद से सशक्तिकरण: जिला पंचायत में विद्यार्थियों का लाइव लर्निंग अनुभव, शिवानी कुंवर ने दिखाई विकास की राह

### विद्यार्थी साथियों से आत्मीय संवाद कर जिपा उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर ने किया स्वागत, पंचायती राज के प्रति किया प्रेरित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



ग्रामीण अंचल से आए 41 विद्यार्थियों के लिए उज्जैन जिला पंचायत सभागार में आयोजित अध्ययन एवं संवाद सत्र ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी रहा। इस अवसर पर जिपा उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर मुख्य वक्ता रहीं, वहीं महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कार्यपरिषद सदस्य डॉ. गौरव धाकड़ ने विशिष्ट वक्ता के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यार्थियों ने विषय विशेषज्ञों के माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की कार्यप्रणाली, संरचना व विभिन्न आयामों को विस्तार से समझा। जिपा उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर जी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा समिति की सभापति होने के नाते वर्तमान विकासात्मक मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। एक युवा जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने अपना विजन विद्यार्थियों के समक्ष रखा। उन्होंने सभी विद्यार्थी साथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए अपने बाल्यकाल के संस्मरणों के माध्यम से पंचायती राज के प्रति विद्यार्थियों की जिज्ञासा पर खुलकर संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'विकसित भारतइ के लक्ष्य के अनुरूप ग्राम उन्नति के विभिन्न आयामों को रेखांकित किया। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना एवं ग्रामोत्थान से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए न केवल सीखने का अवसर बना, बल्कि उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करने वाला भी सिद्ध हुआ। कार्यालय अधीक्षक विजय खंडेकर के साथ जिला पंचायत कार्यालय का भ्रमण किया, जहाँ विद्यार्थियों को कार्यालयीन संरचना, कार्य-पद्धति एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराया गया। उज्जैन जिले के खाचरोद, घट्टिया, तराना, बड़नगर एवं महिदपुर विकासखंडों से आए विद्यार्थियों ने इस दौरान अपनी जिज्ञासाओं को सक्रिय रूप से रखा। ग्राम बेरछा (तहसील खाचरोद) से आई रवीना मालवीय ने स्वच्छ भारत अभियान से जुड़े मुद्दे उठाए, वहीं तराना के परसोली निवासी विद्यार्थी अक्षय शर्मा ने ग्राम सभा के माध्यम से शिक्षा प्रणाली की मॉनिटरिंग पर प्रश्न किया। कुछ छात्राओं ने ग्राम सभा की कार्यवाही में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के उपायों पर भी जिज्ञासा व्यक्त की। इसी क्रम में ग्राम आजमाबाद की किरण ने पूछा कि ग्राम सभा में लिए गए निर्णय कितने समय में लागू होते हैं तथा इसके लिए क्या मापदंड हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्ताव संबंधित विभागों को भेजे जाते हैं और स्वीकृति, बजट एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं के आधार पर उनके क्रियान्वयन की समय-सीमा तय होती है।

### यूएमसी सेवा ऐप से घर बैठे मिलेंगी निगम की सेवाएं, शिकायतों का होगा त्वरित समाधान

# यूएमसी सेवा ऐप से घर बैठे बनेंगे प्रमाण पत्र, जमा होंगे टैक्स

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




नगर निगम द्वारा शहरवासियों की सुविधाओं को आसान बनाने और शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से ह्यूएमसी सेवा ऐपह्न तैयार किया गया है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर विकसित इस ऐप में नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक अपडेट भी किए गए हैं, जिससे अब अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन घर बैठे ही प्राप्त की जा सकेंगी।

इस मोबाइल एप के माध्यम से नागरिक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर भुगतान सहित कई महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से आसानी से उठा सकेंगे। नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए इस ऐप के जरिए नागरिक अपने मोहल्ला, वार्ड एवं जोन से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज कर सकते हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग, स्ट्रीट लाइट (प्रकाश विभाग), कचरा गाड़ी ट्रैकिंग, नजदीकी सुविधा घर की जानकारी, कम्युनिटी हॉल बुकिंग और महाकाल लाइव दर्शन जैसी सुविधाएं भी इसमें शामिल हैं।

एप की खास बात यह है कि शिकायत दर्ज होने के बाद उसकी स्थिति की पूरी जानकारी पारदर्शिता के साथ एप पर उपलब्ध रहेगी। शिकायत के निराकरण के बाद नागरिकों से संतुष्टि फीडबैक लेकर ही उसे बंद किया जाएगा, जिसे एप और सोशल मीडिया पर भी दर्ज किया जाएगा। शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए यूएमसी सेवा ऐप के तहत एक कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है, जहां विशेष टीम द्वारा पूरे सिस्टम की निगरानी की जाएगी। यह ऐप स्वच्छ भारत मिशन के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। नगर निगम का उद्देश्य है कि उज्जैन के नागरिकों को सभी सेवाएं सरल, पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

### गुरु तेगबहादुर के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा फ्रीगंज में कीर्तन दीवान

**उज्जैन।** सिख पंथ के नौंवे गुरु तेगबहादुर साहिब का प्रकाश पर्व मंगलवार को गुरुद्वारा साहिब सुखसागर में मनाया जाएगा। गुरुद्वारा सुखसागर के अध्यक्ष चरणजीत सिंह कालरा के अनुसार सुबह 9.30 बजे अखंड पाठ की समाप्ति होगी। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सुबह 10 से 11 बजे तक सुखमणि साहब का पाठ होगा तथा 11 से दोपहर12 बजे तक कीर्तन दीवान आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अटूट लंगर का वितरण भी किया जाएगा। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी ने कहा कि गुरु तेगबहादुर साहिब का जीवन धर्म और मानवता की रक्षा, त्याग, तपस्या और बलिदान की अद्भुत मिसाल है।

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया पंडित मुस्तफा आरिफ रचित 'गीता-भारती' का लोकार्पण

### भगवद गीता के 700 श्लोकों का 786 हिंदी मुक्तकों में काव्यात्मक रूपांतरण, पद्मश्री अनूप जलोटा 131 एपिसोड में दे रहे स्वर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित अपने निवास समत्व पर वरिष्ठ पत्रकार एवं आध्यात्मिक रचनाकार पंडित मुस्तफा आरिफ की भगवद गीता से प्रेरित पुस्तक 'गीता-भारती' का लोकार्पण किया। पंडित मुस्तफा आरिफ ने इस पुस्तक में भगवद गीता के 700 श्लोकों का 786 हिंदी मुक्तकों में सुगम और काव्यात्मक रूपांतरण किया है।

पंडित मुस्तफा आरिफ ने बताया कि इन संपूर्ण 786 मुक्तकों को संगीत निर्देशक विवेक प्रकाश के निर्देशन में 131 एपिसोड में तैयार किया जा रहा है, जिन्हें सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री अनूप जलोटा अपने मधुर स्वर दे रहे हैं।

लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे भगवद गीता के ज्ञान को सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाने का एक अहम और पवित्र अनुष्ठान बताया। डॉ. यादव ने पुस्तक के प्रचार-प्रसार में हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए पंडित मुस्तफा आरिफ का आत्मीय अभिनंदन किया।

इस अद्भुत आध्यात्मिक उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के सह-मीडिया प्रभारी राकेश पंड्या ने पंडित मुस्तफा आरिफ को बधाई दी। श्री पंड्या ने कहा कि भगवान सांदीपनि की नगरी और भगवान श्रीकृष्ण व बलराम की शिक्षा स्थली उज्जयिनी के लिए यह निश्चित रूप से एक पुनीत अनुष्ठान है। उन्होंने कहा कि पंडित मुस्तफा आरिफ पर परमात्मा की विशेष कृपा है। श्री पंड्या ने समस्त उज्जैनवासियों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन बावड़ी की सफाई के लिए चलेगा विशेष अभियान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



प्रदेशभर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम उज्जैन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार 19 मार्च से 30 जून तक चल रहे इस अभियान के तहत नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों की सफाई एवं संरक्षण कार्य निरंतर जारी है।

इसी क्रम में मंगलवार को नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 50 स्थित ऋषि नगर में निगम की विशाल नर्सरी परिसर में मौजूद प्राचीन बावड़ी की सफाई हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर निगम के अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल सहित अन्य अधिकारियों और आईईसी टीम के सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर बावड़ी की सफाई कार्य का निरीक्षण किया और इसे बेहतर तरीके से संरक्षित करने के निर्देश दिए।

यह प्राचीन बावड़ी नर्सरी के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत है, जिसका उपयोग पौधों की सिंचाई में किया जाता है। लंबे समय से सफाई के अभाव में इसकी स्थिति प्रभावित हो रही थी, जिसे सुधारने के लिए यह अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बावड़ी के जीर्णोद्धार के साथ ही इसमें फाउंटेन शुरू करने के निर्देश भी दिए, जिससे इसकी उपयोगिता के साथ-साथ सौंदर्य भी बढ़ाया जा सके।

अभियान के दौरान उद्यान विभाग के प्रभारी दीपक शर्मा, सहायक यंत्री मनोज राजवानी, जितेंद्र पाल सिंह जादौन एवं अन्य तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे।

# संगठन, सेवा और विचारधारा का संगम- भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शुजालपुर



भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस स्थानीय विधायक कार्यालय में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। आयोजन में संगठन, सेवा और विचारधारा का अनोखा संगम देखने को मिला।

वक्ताओं ने इसे केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पार्टी की वैचारिक विरासत का स्मरण बताया, जिसने भाजपा को मजबूत आधार प्रदान किया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त आंदोलन है। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे के विचारों और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को पार्टी की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाते हुए अंत्योदय और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाया है। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने दिया। वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. नारायण सिंह परमार ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा का प्रेरणादायी विवरण प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं की निष्ठा और त्याग को पार्टी की ताकत बताया। वहीं, वरिष्ठ नेता जेपी खन्ना ने कहा कि भाजपा की असली शक्ति उसका अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री योगेश शिवहरे एवं आभार शरद कुंभकार ने माना।

## भैंसवामाता मंदिर की दान पेटी से निकला 10 लाख से अधिक का दान

**भैंसवामाता।** सारंगपुर नगर से लगभग 20 किमी दूर मालवा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां बीजासन भैंसवा माता मंदिर की दान पेटी सोमवार को तहसीलदार आकाश शर्मा के निर्देश एवं नायब तहसीलदार गोपालसिंह चौहान के मार्गदर्शन में खोली गई जिसमें प्रभारी राजस्व निरीक्षक रामबाबू देशवाली, हल्का पटवारी केएल फूलेरिया, पटवारी आत्माराम वर्मा, अतुल सक्सेना, सुरेन्द्र भिलाला हेमराज राजपूत, गगन बोरिया एंव समस्त पटवारीगण व कोटवार तहसील सारंगपुर पुलिस बल थाना लीमाचौहान बैंक आफ इंडिया शाखा लीमाचौहान के प्रबंधक एंव स्टाफ मौजूद रहा। हल्का पटवारी सहित राजस्व कर्मचारियों के बीच खोली गई। दान में आई राशि गिनने के लिए ट्रस्ट के सदस्य, पटवारी, आरआई और शासन के प्रतिनिधी मौजूद थे। नायब तहसीलदार चौहान ने बताया कि जो राशि दान से मिलती है उस राशि को मंदिर के विकास कार्यों में लगाई जाती है। मां बिजासन भैंसवामाता मंदिर की दान पेटी में कुल गणना राशि 10 लाख 15 हजार 950 रुपए निकली। जिसें लीमाचौहान बैंक आफ इंडिया में मौजूद ट्रस्ट के खाते में जमा कराया गया।

## ऋषि उपाध्याय बने अध्यक्ष

**सारंगपुर।** श्री राम मंदिर जाटवाडी में पुष्करणा ब्राह्मण समाज नवयुग मंडल सारंगपुर की बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम कुलदेवी उषटवाहिनी भगवान परशुराम के चित्र पर वरिष्ठ जन लायंस क्लब अध्यक्ष रुपेश जोशी, प्रदीप जोशी, भूपेंद्र जोशी, सुनील जउपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में सर्वप्रथम वर्तमान अध्यक्ष प्रवीण जोशी द्वारा समाज का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से आगामी 2 वर्ष के लिए ऋषि उपाध्याय को अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिसका सभी सामाजिक सदस्य द्वारा समर्थन किया गया। बैठक में मनोज जोशी, संतोष जोशी, नितेश जोशी, प्रवीण जोशी, सुधीर जोशी, उमेश शर्मा, सुमित शर्मा, आनंद तिवारी, अरुण जोशी, नितेश शर्मा, अंकित जोशी, योगेंद्र जोशी, सहयोग शर्मा द्वारा नए अध्यक्ष का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई।

# गेहूं पंजीयन तिथि बढ़ाने के विरोध में किसान संघ का ज्ञापन सौंपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर



भारतीय किसान संघ तहसील इकाई सुसनेर द्वारा सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विशेष रूप से सरकार द्वारा गेहूं पंजीयन की तिथि लगातार बढ़ाए जाने का विरोध दर्ज कराया गया।

किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बार-बार पंजीयन तिथि बढ़ने से किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है और उन्हें अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि गेहूं की फसल का समय पर एवं सुचारू रूप से उपार्जन किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक हानि न हो।

ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने अन्य समस्याओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो किसान संघ आगामी समय में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर प्रांतीय अधिकारी मंत्री रमेश दांगी, जिला उपाध्यक्ष बने सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष प्रेम सिंह परमार, उपाध्यक्ष बहादुर सिंह, मंत्री अनिल पाटीदार, सह मंत्री महेश पंचोली, अशोक, सदस्य बालू सिंह, सूजन सिंह, रोशन सिंह, विक्रम सिंह सहित ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र खनोटा, मेहरबान सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## शहर के मध्य बहने वाले गंदे नाले में पसरा गंदगी का साम्राज्य नागरिकों के जीना दुभर

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में नगर पालिका परिषद की उदासीनता के कारण न केवल आम नागरिकों के जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा बल्कि उन्हें आए दिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्यावरा शहर में जगह-जगह गंदगी का साम्राज्य पसरा हुआ है जिसके कारण नागरिकों का रहना दुभर हो गया वही गंदगी के कारण जानलेवा बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ब्यावरा शहर के मध्य देने वाला गंदा नाला गंदगी और कीचड़ से सन पड़ा हुआ है। जिसकी दुर्गंध से आसपास के रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। उक्त गंदे नाले का पानी जब अजनार नदी में जाकर मिलता है तो अजनार नदी को भी प्रदूषित कर रहा है। मातमंड मोहल्ले से लेकर अहिंसा द्वार तक नाले में कचरा जमा होने से पानी का ठीक तरीके से निकासी नहीं हो रही जिससे भविष्य में नाले के समीप बने मकानों के क्षतिग्रस्त होने एवं कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन को इस और तत्काल ध्यान देकर संपूर्ण गंदे नाले की तत्काल सफाई कार्य करवाना चाहिए। उधर शहर में पसरी उक्त गंदगी को लेकर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी नगर पालिका परिषद का घेराव करने की तैयारी कर रही है। वही पीपल चौराहे पर विशाल धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुश्री रचना भार्गव प्रत्येक वार्ड में जाकर नागरिकों से रूबरू हो रही है।

## राष्ट्रीय पशुपालन संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय पशुपालन संघ के तत्वाधान में राजस्थान से आए चरवाहों एवं संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित बम्हौरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि सारंगपुर क्षेत्र में चोरों द्वारा लगातार हमलों एवं पशुधन चोरी के प्रयास से सुरक्षा व सख्त कार्रवाई की जाए ताकि हमारी भेड़े सुरक्षित विचरण कर सके। ज्ञापन देते हुए राष्ट्रीय पशुपालक संघ उपाध्यक्ष नगाराम देवासी ने बताया कि हम पशुपालक सारंगपुर क्षेत्र में अपने परिवार सहित आसपास के जंगल क्षेत्रों में निवास करते हैं। पिछले कुछ दिनों से हमारे क्षेत्र में चोरों, अपराधियों द्वारा लगातार समूह बनाकर हमले किए जा रहे हैं।

# जनसुनवाई में 137 आवेदनों पर सुनवाई, कई मामलों का मौके पर किया निराकरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम




कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके आवेदन प्राप्त किए। जनसुनवाई के दौरान कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से समाधान कराया गया, जबकि शेष आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण के लिए विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन सामने आए। ग्राम धानासुता निवासी शांतिलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम होने के बावजूद लाभ न मिलने की शिकायत की। इस पर कार्रवाई हेतु एडीशनल सीईओ को निर्देशित किया गया। ग्राम सालाखेड़ी निवासी भगवती ने आवास स्वीकृति के लिए आवेदन दिया, जिसे भी एडीशनल सीईओ को भेजा गया। ग्राम नयानगर, तहसील जावरा निवासी शिवलाल ने अपनी कृषि भूमि के विक्रय की अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। संबंधित अधिकारी को जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम अर्जला निवासी सोहन ने अपनी कृषि भूमि पर कब्जा होने की शिकायत की। मामले में तहसीलदार जावरा को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम बोरदा निवासी छगन ने कृषि भूमि के पट्टे के लिए आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार को निर्देशित किया गया। ग्राम वीरपुरा निवासी हरीराम ने स्वयं एवं पत्नी के लिए वृद्धा पेंशन तथा कपिलधारा योजना के तहत कुएं की स्वीकृति हेतु आवेदन दिया। इस पर सीईओ जनपद को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी लंबित आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया।

## कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त मंडलम अध्यक्षों का किया स्वागत

**पिपलियामंडी।** 7 अप्रैल मंगलवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के नव नियुक्त सभी मंडलम अध्यक्षगणों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया । पिपलिया मंडी नगर अध्यक्ष किशोर उनियारा पिपलिया मंडी मंडलम अध्यक्ष विष्णु फरक्या पिपलिया मंडी मंडलम अध्यक्ष पंकज बोराना बालागुड़ा मंडलम अध्यक्ष प्रहलाद पाटीदार, कनघट्टी मंडलम अध्यक्ष रोहित शर्मा बही मंडलम अध्यक्ष परमानंद पाटीदार, निनोरा मंडलम अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, काचरिया मंडलम अध्यक्ष नाथूलाल, बोतलगंज मंडलम अध्यक्ष किशनलाल चौहान वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री कन्हैयालाल पाटीदार ,दिनेश गुप्ता , बंशीलाल पाटीदार , सभी वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में स्वागत बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।


वेस्टर्न रेलवे छह जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाएगा

| ट्रेन नं. | से | को | दौड़ का दिन | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|---|
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | कटिहार | शनिवार | 16.05.26 से 25.07.26 |
| 09190 | कटिहार | मुंबई सेंट्रल | मंगलवार | 19.05.26 से 28.07.26 |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | बनारस | बुधवार | 20.05.26 से 29.07.26 |
| 09184 | बनारस | मुंबई सेंट्रल | शुक्रवार | 22.05.26 से 31.07.26 |
| 09093 | उधना | अयोध्या कैंट | शुक्रवार | 15.05.26 से 31.07.26 |
| 09094 | अयोध्या कैंट | उधना | शनिवार | 16.05.26 से 01.08.26 |
| 09097 | उधना | अयोध्या कैंट | मंगलवार | 19.05.26 से 28.07.26 |
| 09098 | अयोध्या कैंट | उधना | बुधवार | 20.05.26 से 29.07.26 |
| 09465 | अहमदाबाद | दरभंगा | शुक्रवार | 15.05.26 से 26.06.26 |
| 09466 | दरभंगा | अहमदाबाद | सोमवार | 18.05.26 से 29.06.26 |
| 09451 | गांधीधाम | भागलपुर | शुक्रवार | 15.05.26 से 26.06.26 |
| 09452 | भागलपुर | गांधीधाम | सोमवार | 18.05.26 से 29.06.26 |

रुकने के समय और कंपोजिशन के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09189, 09183, 09093, 09097, 09465 और 09451 के विस्तारित ट्रिप की बुकिंग 08.04.2026 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी।
ऊपर बताई गई ट्रेनें स्पेशल किराए पर स्पेशल ट्रेनों के तौर पर चलेंगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमारी तरह & अनुसरण करना हमें:
facebook.com/WesternRly
XX.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/Westernपश्चिमी रेलवे अधिकारी

कृपया सभी रिज़र्व टिकटों के लिए ओरिजिनल ID प्रूफ़ साथ रखें

### अश्लील गाने के विवाद में नोरा की मुश्किल बढ़ी

# पेश न होने पर महिला आयोग भड़का

केडीः द डेविल के गाने सरके चुनर तेरी विवाद में सफाई के बावजूद नोरा फतेही की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। 6 अप्रैल को राष्ट्रीय महिला आयोग की सुनवाई में वह पेश नहीं हुईं, जिस पर आयोग ने नाराज होकर उन्हें आखिरी मौका दिया। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, 6 अप्रैल को राष्ट्रीय महिला आयोग की सुनवाई में सरके चुनरिया तेरी के लिरिसिस्ट रकीब आलम, फिल्म केडी:द डेविल के डायरेक्टर प्रेम और केवीएन प्रोडक्शन के रीप्रेसेंटेटिव गौतम के.एम और सुप्रिथ पेश हुए थे। इस सुनवाई की अध्यक्षता आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने की थी।

**संजय दत्त को भी 8 अप्रैल को पेश होने का समन**



समन में नोरा फतेही को भी पेश होने के लिए कहा गया था, हालांकि वो खुद नहीं आईं और सफाई देने के लिए वकील को भेजा।

सुनवाई में विजया रहाटकर ने चिंता जताते हुए कहा कि गाने के बोल महिलाओं की गरिमा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि क्रिएटिविटी के नाम पर महिलाओं की गरिमा से समझौता नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान मौजूद सभी ने ये स्वीकार किया कि गाना आपत्तिजनक था, जिसका नाकारात्मक प्रभाव पड़ा और सभी ने इसके लिए लिखित माफी भी दी। इसके अलावा सभी ने तीन महीनों तक महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने और महिला आयोग को इसकी रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया है।

**अश्लील गाने के विवाद पर संजय दत्त को भी समन–** आयोग ने संजय दत्त को भी समन भेजकर 8 अप्रैल को होने वाली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया है। उनके अलावा नोरा फतेही की गैरमौजूदगी पर भड़कर आयोग ने उन्हें 27 अप्रैल को पेश होने का आखिरी मौका दिया है।

**नोरा फतेही दे चुकी हैं सफाई–** अश्लील गाने पर विवाद बढ़ने के बाद एक्ट्रेस ने बयान जारी कर सफाई दी थी। उन्होंने कहा है कि उनसे कन्नड़ में गलत ट्रांसलेशन बताकर पूरा गाना शूट करवाया गया और फिर बिना अप्रूवल या परमिशन गाने को हिंदी में बना लिया। उन्होंने कहा कि मेकर्स ने लिरिकल गाने को बिना इजाजत लिए उनकी अकइमेज के साथ रिलीज किया। एक्ट्रेस ने ये भी माना कि गाना वाकई अनुचित है, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें सॉन्ग लॉन्च इवेंट में पहुंचकर मिलीं। हिंदी गाना देखकर एक्ट्रेस खुद शॉक में थीं।

# टटीरी सॉन्ग पर रैपर बादशाह ने माफी मांगी

## एनसीडब्ल्यू से बोले सिंगर- अब ऐसी गलती नहीं करेंगे; 50 बेटियों की पढ़ाई का खर्च उठाएंगे

बॉलीवुड सिंगर-रैपर बदशाह ने टटीरी सांन्ग पर चल रही कंट्रोवर्सी में राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश होकर माफी मांग ली है। मंगलवार को दिल्ली में आयोग के सामने सिंगर के अलावा निर्देशक जोबन संधू, महावीर सिंह के साथ-साथ निमार्ता हितेन भी पेश हुए।

मामले की सुनवाई आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने की। आयोग ने गीत के बोल और प्रेजेंटेशन को महिलाओं की गरिमा के खिलाफ बताते हुए नाराजगी जताई। इसके बाद बादशाह और उनकी टीम ने बिना शर्त माफी मांगी और भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा बादशाह ने महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने, 4 महीनों के भीतर एक पॉजीटिव सॉन्ग बनाने और आर्थिक रूप से कमजोर 50 लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाने का भी वादा किया।

**एक मार्च को रिलीज हुआ, 3 एफआईआर दर्ज हुई :** बादशाह का टटीरी सॉन्ग 1 मार्च को रिलीज हुआ था। सॉन्ग के रिलीज होने के साथ ही इसमें बादशाह के लिरिक्स और लड़कियों के सीन को लेकर कई सामाजिक संगठनों ने आपत्ति जताई थी। पानीपत स्थित नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्या ने बादशाह के खिलाफ राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत के आधार पर जींद और पंचकूला में बादशाह के खिलाफ 3 प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद पंचकूला पुलिस ने सॉन्ग को यूट्यूब से हटवा दिया।

**आयोग के सामने पेश न होने पर गिरफ्तारी के आदेश :** इसके बाद हरियाणा महिला आयोग ने मामले का संज्ञान लिया था। 13 मार्च हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया ने सिंगर को पानीपत में अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था। बादशाह की जगह पेश हुए उनके वकीलों ने दलील दी थी कि बादशाह सिक्योरिटी रीजन और प्रोफेशनल कमिटमेंट की वजह से पेश नहीं हो सके। इसके बाद चेयरपर्सन ने पंचकूला और पानीपत रढ को बादशाह की गिरफ्तारी और पासपोर्ट जब्ती के निर्देश दिए थे।



### वैभव ने बुमराह की पहली बॉल पर सिक्स लगाया, राजस्थान की दूसरी फास्टेस्ट टीम फिफ्टी

# यशस्वी के आईपीएल में 100 सिक्स पूरे

## राजस्थान रॉयल्स ने 13वें मैच में मुंबई इंडियंस को 27 रन से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी

राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार को आईपीएल 2026 के 13वें मैच में मुंबई इंडियंस को 27 रन से हरा दिया। बारिश के कारण यह मैच 11-11 ओवर का ही हुआ। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में हुए मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर सिक्स लगा दिया। यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल में 100 सिक्स पूरे कर लिए। वैभव और यशस्वी की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर राजस्थान ने महज 2.4 ओवर में 50 रन बनाकर आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे तेज टीम फिफ्टी लगाई।





**राजस्थान ने अपने रिकॉर्ड की बराबरी की-** राजस्थान रॉयल्स ने अपनी ही सबसे तेज टीम फिफ्टी रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2.4 ओवर में 50 रन पूरे किए। इससे पहले भी राजस्थान ने 2023 में 2.4 ओवर में ही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी। सबसे तेज टीम फिफ्टी का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम है, जिन्होंने 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल के खिलाफ 2.3 ओवर में 50 रन बनाए थे।

**वैभव 19 या उससे कम उम्र में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर-** वैभव सूर्यवंशी 19 साल या उससे कम उम्र में आईपीएल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 10 पारियों में 35 सिक्स लगाए हैं। इस मामले में उन्होंने ऋषभ पंत (30) और ईशान किशन (30) को पीछे छोड़ा।

**यशस्वी के आईपीएल में 100 सिक्स पूरे-** यशस्वी जायसवाल ने आईपीएल में अपने 100 सिक्स पूरे किए। वे राजस्थान रॉयल्स के लिए 100 या उससे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस मामले में संजू सैमसन (192) टॉप पर हैं, जबकि जोस बटलर (135) और शेन वॉटसन (109) उनसे आगे हैं।

**बारिश की वजह से मैच 2 घंटे 40 मिनट देरी से शुरू हुआ-** गुवाहाटी में बारिश ने खेल बिगाड़ दिया। एमआई और आरआर का मुकाबला तय समय से 2 घंटे 40 मिनट देरी से शुरू हुआ। मौसम की वजह से ओवर घटाकर मैच 11-11 ओवर का किया गया।

**यशस्वी ने पहले ओवर में 5 बाउंड्री लगाई-** यशस्वी जायसवाल ने पहले ओवर में 4 चौके और एक सिक्स लगा दिया। उन्होंने दीपक चाहर के खिलाफ 22 रन बटोरे। इस ओवर में जायसवाल ने पहली ही गेंद पर चौका लगा दिया। उन्होंने दूसरी गेंद पर सिक्स जड़ा और फिर तीसरी व चौथी गेंद पर लगातार बाउंड्री लगाईं। ओवर की आखिरी गेंद पर भी चौका लगा दिया।

**वैभव ने बुमराह की पहली बॉल पर सिक्स लगाया-** वैभव सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह के ओवर में 2 सिक्स लगाए। पहली ही गेंद पर उन्होंने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से शानदार सिक्स लगाया। इसके बाद शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलते हुए डीप स्क्वेयर लेग के पार सिक्स लगा दिया।

**यशस्वी की चौके से 17वीं आईपीएल फिफ्टी-** यशस्वी जायसवाल ने चौके के साथ अपनी 17वीं आईपीएल फिफ्टी पूरी की। उन्होंने हार्दिक पंड्या की गेंद को कट शॉट खेलते हुए डीप पॉइंट बाउंड्री तक पहुंचाया। इस चौके के साथ जायसवाल ने लगातार दूसरी फिफ्टी भी लगाई।

**रदरफोर्ड का सिक्स दर्शक को लगा-** शेरफेन रदरफोर्ड का एक सिक्स स्टैंड में बैठे दर्शक को जा लगा। 8वें ओवर में तुषार देशपांडे की फुल लेंथ गेंद पर उन्होंने शॉट खेला और गेंद डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से स्टैंड में गई। 92 मीटर लंबा यह सिक्स स्टैंड में बैठी एक बच्ची को जा लगा।

### डेविड वॉर्नर ड्रिंक एंड ड्राइव केस में फंसे

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर की अगले महीने कोर्ट में पेशी तय




ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर पर ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज हुआ है। सिडनी में पुलिस ने उन्हें ब्रीथ टेस्ट के दौरान पकड़ा और गिरफ्तार कर थाने ले गई। अब उन्हें अगले महीने कोर्ट में पेश होना होगा।

यह घटना सिडनी के मारूब्रा इलाके की है, जहां पुलिस रैंडम ब्रीथ टेस्ट कर रही थी। वॉर्नर अपनी कार लेकर टेस्टिंग प्वाइंट से पहले ही रुक गए, लेकिन पुलिस ने उनके पास जाकर जांच की। टेस्ट में वे नशे की हालत में पाए गए। पुलिस वॉर्नर को मारूब्रा पुलिस स्टेशन ले गई, जहां उनका अल्कोहल लेवल 0.104 रिकॉर्ड हुआ। इसके बाद उन पर ड्रिंक एंड ड्राइव का मामला दर्ज किया गया। वॉर्नर इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं। मैचों के बीच मिले ब्रेक में वे ऑस्ट्रेलिया गए थे। अब वे 9 अप्रैल को पेशावर जालमी के खिलाफ मुकाबले से पहले पाकिस्तान लौटने की तैयारी में हैं। यह मैच कराची में खेला जाएगा। वॉर्नर ने 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 112 टेस्ट, 161 वनडे और 110 टी-20 मैच खेले। तीनों फॉर्मेट में मिलाकर 15 हजार से ज्यादा रन बनाए। संन्यास के बाद भी वार्नर फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेल रहे हैं। पिछले सीजन बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए उन्होंने आठ मैच में 433 रन बनाए थे और टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने अगले सीजन के लिए भी टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









300 करोड़ रुपये तक की

## हाईवे परियोजनाओं के लिए 12 महीने की अधिकतम समय सीमा तय



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाइवे परियोजनाओं के निर्माण के लिए नई समयसीमा तय कर दी है। 300 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को अब अधिकतम 12 महीने में पूरा करना होगा। बुनियादी ढांचा क्षेत्र के इन नए नियमों की पूरी जानकारी के लिए अभी रिपोर्ट पढ़ें।

सरकार ने 300 करोड़ रुपये तक की लागत वाली राजमार्ग परियोजनाओं के लिए 12 महीने और 301 से 500 करोड़ रुपये की लागत वाली सड़क निर्माण परियोजनाओं के लिए 18 महीने की आधार निर्माण अवधि निर्धारित की है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने सोमवार बताया कि मैदानी और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए आधार निर्माण अवधि कुल सिविल लागत के आधार पर होनी चाहिए, क्योंकि वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर मौजूदा दिशानिर्देशों में बदलाव की जरूरत महसूस हो रही थी।

दूसरी ओर सरकार की ओर से 501-1,500 करोड़ रुपये की कुल सिविल लागत वाली राजमार्ग परियोजना के मामले में, आधार निर्माण अवधि 24 महीने तय की गई है।। मंत्रालय ने एक परिपत्र ने कहा कि परियोजना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए (जैसे कि कई आरओबी, एलिवेटेड स्ट्रक्चर की लंबाई या सुरंग की लंबाई), आधार निर्माण अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि भूभाग की कठिनाई से संबंधित निर्माण कटाई और ढलान स्थिरीकरण की भरपाई के लिए उन्नत आधार निर्माण अवधि में अतिरिक्त 12 महीने जोड़े जाने चाहिए।

मई से कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाएगा ओपेक प्लस

# सऊदी अरब और रूस की होगी 60% से अधिक हिस्सेदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओपेक प्लस देशों ने मई 2026 से तेल उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है, जिसमें सऊदी अरब और रूस की 60% से ज्यादा हिस्सेदारी होगी। ऊर्जा बाजार के इस अहम अपडेट को अभी पढ़ें।

वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आठ प्रमुख ओपेक प्लस (ओपीईसी+) देशों ने मई 2026 से कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि करने का रणनीतिक निर्णय लिया है। 5 अप्रैल 2026 को हुई एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक के बाद, इन देशों ने कुल 2,06,000 बैरल प्रतिदिन की उत्पादन वृद्धि को लागू करने की घोषणा की है। इस सामूहिक कदम का नेतृत्व सऊदी अरब और रूस करेंगे, जो इस अतिरिक्त उत्पादन का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बाजार में उतारेंगे। यह निर्णय मौजूदा वैश्विक बाजार स्थितियों और भविष्य की ऊर्जा मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

**उत्पादन वृद्धि का संदर्भ और प्रमुख आंकड़े-** पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह वृद्धि उन स्वैच्छिक कटौतियों में एक क्रमिक समायोजन है जो पूर्व में लागू की गई थीं। विशेष रूप से, अप्रैल 2023 में जो 1.65 मिलियन बैरल प्रतिदिन की अतिरिक्त स्वैच्छिक उत्पादन कटौती घोषित की गई थी, उसी में से अब 2,06,000 बैरल प्रतिदिन को बाजार में वापस लाया जा रहा है। यह वापसी बाजार की बदलती परिस्थितियों के आधार पर क्रमिक रूप से की जाएगी।

इस नई नीति के तहत विभिन्न देशों का मई 2026 के लिए नया उत्पादन लक्ष्य इस प्रकार निर्धारित किया गया है:

**सऊदी अरब और रूस:** ये दोनों प्रमुख देश 62-62 केबीडी की सर्वाधिक वृद्धि करेंगे। इसके बाद मई के लिए सऊदी अरब का आवश्यक उत्पादन लक्ष्य 10,228 केबीडी और रूस का 9,699 केबीडी हो जाएगा।

**इराक और यूएई:** इराक अपने उत्पादन में 26 केबीडी का इजाफा करेगा, जिससे उसका लक्ष्य 4,326 केबीडी होगा। वहीं, यूएई 18 केबीडी की वृद्धि के साथ 3,447 केबीडी का उत्पादन करेगा।

**कुवैत और अन्य देश:** कुवैत 16 केबीडी की वृद्धि करेगा, जिससे उसका नया लक्ष्य 2,612 केबीडी हो जाएगा। इसके अलावा कजाकिस्तान 10 केबीडी, अल्जीरिया 6 केबीडी और ओमान 5 केबीडी का अतिरिक्त तेल उत्पादन करेंगे, जिससे उनका नया लक्ष्य क्रमशः 1,589 केबीडी, 983 केबीडी और 821 केबीडी तय किया गया है।

**आगे का रास्ता और बाजार का दृष्टिकोण-** सऊदी अरब, रूस और अन्य भागीदार देशों ने स्पष्ट किया है कि वे बाजार की स्थितियों का बारीकी से आकलन करना जारी रखेंगे। बाजार में स्थिरता बनाए रखने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, उन्होंने एक सतर्क दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। तेल उत्पादक देशों ने अपनी नीति में पूरी तरह लचीलापन बनाए रखा है; अर्थात, यदि परिस्थितियां बदलती हैं, तो स्वैच्छिक उत्पादन समायोजन के चरणबद्ध तरीके को रोका या वापस भी लिया जा सकता है। इसमें नवंबर 2023 में घोषित 2.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन की कटौती के फैसले को पलटने का विकल्प भी शामिल है। उत्पादन अनुशासन और 2024 की शुरुआत से दर्ज किए गए किसी भी अधिक उत्पादन के मुआवजे की निगरानी के लिए ये देश नियमित रूप से मासिक बैठकें करेंगे। वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए अगली महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक 3 मई, 2026 को निर्धारित की गई है।



### ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और भू-राजनीतिक चुनौतियां

- उत्पादन के आंकड़ों से आगे बढ़ते हुए, ओपेक+ के इन आठ देशों ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं और समुद्री शिपिंग मार्गों की सुरक्षा पर भी गहरी चिंता व्यक्त की है। हाल के समय में ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों के संदर्भ में समूह ने स्पष्ट किया कि क्षतिग्रस्त ऊर्जा संपत्तियों को पूरी क्षमता में बहाल करना अत्यंत खचीर्ला और समय लेने वाला काम है। इसका सीधा असर समग्र आपूर्ति उपलब्धता और वैश्विक बाजार पर पड़ता है।
- समूह ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि बुनियादी ढांचे पर हमलों या अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में किसी भी प्रकार के व्यवधान से बाजार में अस्थिरता बढ़ती है। इस तरह की कार्रवाइयां उत्पादकों, उपभोक्ताओं और संपूर्ण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लाभ के लिए बाजार स्थिरता का समर्थन करने वाले सामूहिक प्रयासों को कमजोर करती हैं।

ट्राई का नया प्रस्तावः

## कंपनियों को देना होगा वॉयस-एसएमएस का अलग प्लान




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ने फोन कॉल और एसएमएस वाले सस्ते प्लान अनिवार्य करने का नया प्रस्ताव दिया है। इससे उपभोक्ता अब अनचाही डाटा सेवाओं के लिए भुगतान करने से बच सकेंगे। यह कदम पारदर्शिता बढ़ाएगा और ग्राहकों को अधिक विकल्प देगा। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मंगलवार को टेलीकॉम कंपनियों को मोबाइल प्लान को लेकर नया प्रस्ताव दिया है। अब फोन कॉल और एसएमएस वाले सस्ते प्लान अनिवार्य किए जा सकते हैं। प्रस्ताव के अनुसार, टेलीकॉम ऑपरेटर्स को बिना डाटा वाला प्लान देना होगा। इनकी कीमत मौजूदा विशेष डाटा प्लान से कम होगी।

**दूरसंचार नियामक क्यों लाया नया प्रस्ताव-** दूरसंचार नियामक ने कहा कि कंपनियां पहले भी ऐसे प्लान लाई थीं। लेकिन उनकी कीमत ज्यादा रखी गई। डाटा लाभ हटाने के बावजूद अनुपात में इन कीमतों को कम नहीं किया गया। नियामक ने कहा,पहले किए गए बदलाव का परिणाम संतोषजनक नहीं रहा है। इसी वजह से नया संशोधित प्रस्ताव लाया गया है।

**'अनचाही सेवाएं लेने के लिए मजबूर नहीं होंगे ग्राहक'-** कंपनियों को अब हर वैधता अवधि के लिए फोन कॉल, एसएमएस और डाटा वाले प्लान के साथ सिर्फ कॉल और एसएमएस वाला प्लान भी देना होगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। ग्राहकों को अनचाही सेवाएं लेने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।

**'डाटा न चाहने वाले उपभोक्ताओं को नहीं देने होंगे पैसे'-** ट्राई ने कहा कि जिन लोगों को डाटा की जरूरत नहीं है, उन्हें उसके लिए पैसे नहीं देने होंगे। इससे ग्राहकों को ज्यादा विकल्प मिलेंगे। कॉल और एसएमएस वाले प्लान डाटा वाले प्लान के बराबर उपलब्ध होंगे। इस प्रस्ताव पर 28 अप्रैल तक सुझाव मांगे गए हैं।

आरबीआई ने जारी किए नए ड्राफ्ट नियम

# 16 लाख बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट के वेतन में आएगी एकरूपता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) के लिए नए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं। प्रस्तावित नियमों के अनुसार बीसी के वेतन में एकरुपता लाने और उन्हें अलग-अलग श्रेणियों में बांटने का प्रस्ताव है। विस्तृत जानकारी के लिए पढ़ें पूरी रिपोर्ट।

दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने वाले लाखों बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) के लिए एक जरूरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को इस व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं। नए ड्राफ्ट नियमों में आरबीआई ने बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को उनके काम के आधार पर दो अलग-अलग श्रेणियों में बांटने और उनके वेतन (कमीशन) तय करने में एकरूपता लाने का प्रस्ताव दिया है। यह कदम देश में वित्तीय समावेशन को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा सुधार माना जा रहा है। ब्रांच ऑथराइजेशन पर जारी इन नए ड्राफ्ट नियमों में ग्राहकों तक सेवाएं पहुंचाने वाले पॉइंट या 'डिलीवरी पॉइंट' को तीन स्पष्ट श्रेणियों में परिभाषित किया गया है:



### बैंक शाखाएं

- बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट-बैंकिंग आउटलेट
- बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट-बैंकिंग टचपॉइंट
- इन कॉरेस्पोंडेंट्स को विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में रिटेल बैंकिंग संचालन के लिए तैनात किया जाता है। इसके जरिए बैंकों की पहुंच का विस्तार होता है और देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलती है।

आरबीआई का यह नया कदम बीसी इकोसिस्टम में उन्हें मिलने वाले कमीशन या पारिश्रमिक भुगतान के मामले में एकरूपता लाने का अहम प्रयास है। वर्तमान में स्थिति यह है कि इन बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के बीच कोई स्पष्ट वर्गीकरण नहीं है और उन्हें मिलने वाला कमीशन भी अलग-अलग बैंकों में भिन्न होता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो, जून 2025 तक देश भर में विभिन्न ऋणदाताओं की ओर से 16 लाख से अधिक बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स को काम पर रखा गया था, जिन्हें इस नए नियम से सीधा फायदा मिलेगा।

### पात्रता आसान बनाने से जुड़ी समिति की सिफारिशें

केंद्रीय बैंक की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, नए ड्राफ्ट नियमों में बीसी (इउ२) को नियुक्त करने के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पहले से अधिक सरल बनाने का भी प्रस्ताव है। इसके साथ ही, बिजनेस फैसिलिटेटर या बीएफ को भी अब इसी बीसी मॉडल के अंतर्गत शामिल कर लिया जाएगा।

यह नया ड्राफ्ट एक विशेष समिति की सिफारिशों के आधार पर तैयार किया गया है। इस समिति में रिजर्व बैंक, वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और नाबार्ड (नाबार्ड) के अधिकारी शामिल थे। इस समिति ने बीसी के संचालन की व्यापक जांच करने के बाद उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए अपनी सिफारिशें दी थीं।

गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने शुरूआत में अपनी फरवरी की मौद्रिक नीति में इन ड्राफ्ट नियमों की घोषणा की थी। अब आरबीआई ने विनियमित संस्थाओं, आम जनता और अन्य सभी हितधारकों से इन प्रस्तावित नियमों पर 5 मई 2026 तक अपनी टिप्पणियां और सुझाव मांगे हैं।

घाटे से निपटने की तैयारी

# सस्ते दाम पर ईंधन खरीदेंगी विपणन कंपनियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक तेल कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल पार कर गई हैं, लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर हैं। इससे सरकारी तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। अब इस घाटे की भरपाई के लिए उन्हें रिफाइनरियों से 60 रुपये प्रति लीटर तक सस्ता ईंधन मिलेगा। यह कदम कीमतों के नियंत्रणमुक्त होने के बाद पहली बार उठाया गया है।

आपूर्ति संकट के बीच ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने के कारण होने वाले घाटे की भरपाई के लिए, सरकारी तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन (एटीएफ) और केरोसिन (मिट्टी तेल) के लिए रिफाइनरियों को रियायती कीमत का भुगतान करेंगी। यानी उन्हें ईंधन खरीदने के लिए कम भुगतान करना होगा। ईंधन की कीमतों के नियंत्रणमुक्त होने के बाद पहली बार यह कदम उठाया गया है। मामले से जुड़े दो सूत्रों ने बताया, ओएमसी ने 26 मार्च को पेट्रोलियम उत्पादों के लिए ऐसी दरें तय की हैं, जो उनकी आयात लागत से 60 रुपये प्रति लीटर तक कम हैं। ये रियायती दरें 16 मार्च से प्रभावी मानी जाएंगी। दरअसल, पश्चिम एशिया में संघर्ष से पहले अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास थीं, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। इसके बावजूद भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे होने वाले नुकसान को ओएमसी को खुद झेलना पड़ रहा है।

**ईंधन पर छूट के बाद आरटीपी में कटौती-** मार्च के दूसरे पखवाड़े के लिए डीजल पर 22,342 रुपये प्रति किलोलीटर (22.34 रुपये प्रति लीटर) की छूट तय की गई थी, ताकि 85,349 रुपये प्रति किलोलीटर के आरटीपी को घटाकर 63,007 रुपये प्रति किलोलीटर किया जा सके। अप्रैल के पहले पखवाड़े के लिए डीजल पर छूट 60,239 रुपये प्रति किलोलीटर रखी गई है, ताकि आरटीपी को 1,46,243 रुपये प्रति किलोलीटर से घटाकर 86,004 रुपये प्रति किलोलीटर किया जा सके।


1st RERA APPROVED RESORT TOWNSHIP IN RAMNAGAR UTTARAKHAND
LUXURY VILLA
Managed By
BW Best Western
Hotels & Resorts
Fully Furnished
Price
₹ 1.35 Cr
Onwards
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
Bail Parao Nainital Uttarakhand
Book Now- +91 85950 07767

स्वदेशी जागरण मंच

स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, फ्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉ, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | श्र | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प | अ | सौ | बी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता ढूंढो...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# तेल संकट का चीन पर असर क्यों नहीं पड़ा 20 साल पहले इमरजेंसी भंडार बनाए

# नए तरीकों से बिजली; केमिकल के लिए निर्भर नहीं



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जहां कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, वहीं चीन पर इसका असर बाकी दुनिया के मुकाबले कम दिखाई दे रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन खुद को कई सालों से ऐसे हालात के लिए तैयार कर रहा था। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, इसलिए अगर तेल की सप्लाई में रुकावट आती है तो उसे सबसे ज्यादा नुकसान होना चाहिए था। लेकिन चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है। इसके अलावा चीन बिजली से चलने वाले सिस्टम पर शिफ्ट कर चुका है और कोयले से भी जरूरी चीजें बना रहा है। चीन ने धीरे-धीरे अपनी ऊर्जा पॉलिसी को इस तरह बदला कि वह वैश्विक सप्लाई शॉक का सामना कर सके। सरकार ने अहम सेक्टर्स में निवेश बढ़ाया और इंडस्ट्रियल स्ट्रेंथ को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बनाया। इसके साथ-साथ उसने बिजली बनाने के दूसरे तरीकों पर भी तेजी से काम किया है, जैसे सौर ऊर्जा, हवा से बनने वाली ऊर्जा और पानी से बनने वाली बिजली। इसी कारण अब चीन में पेट्रोल और डीजल की मांग धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

## चीन की आत्मनिर्भर ऊर्जा रणनीति

समुद्री चोकपॉइंट्स पर निर्भरता घटाने के लिए रूस और मध्य एशिया से जमीनी पाइपलाइन नेटवर्क मजबूत किया




आपात स्थिति से निपटने के लिए तेल का विशाल भंडार जमा कर लिया है। चीन के पास 1.3 बिलियन बैरल का तेल भंडार है, जो करीब 90-100 दिन की जरूरत पूरी कर सकता है।






ईरान जंग के बीच प्रतिबंधों के बावजूद ईरान और रूस से रियायती दरों पर भारी मात्रा में तेल खरीदा।

चीन केवल मिडिल ईस्ट पर निर्भर नहीं है। रूस उसका सबसे बड़ा तेल सप्लायर है। इसके अलावा ब्राजील जैसे देशों से भी तेल खरीदता है।



### कोयले की मदद से जरूरी केमिकल बनाना सीखा



1990 के दशक में जब चीन कई फैक्ट्रियां बना रहा था, तब उसे केमिकल बनाने के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भर रहना पड़ता था। ये वही केमिकल होते हैं जिनसे प्लास्टिक, रबर, धातु के हिस्से और कई दूसरी चीजें बनती हैं। लेकिन अब चीन ने ऐसी तकनीक विकसित कर ली है, जिससे वह कोयले की मदद से ही कई जरूरी केमिकल बना सकता है, जैसे मेथेनॉल और सिंथेटिक अमोनिया। यह तकनीक नई नहीं है, बल्कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने भी इसका इस्तेमाल किया था। अब चीन इसी तरीके से तेल के बिना भी अपनी इंडस्ट्री चला सकता है। आज दुनिया का बड़ा हिस्सा केमिकल सप्लाई के लिए चीन पर निर्भर है। उदाहरण के तौर पर, दुनिया का करीब तीन-चौथाई पॉलिएस्टर और नायलॉन चीन में बनता है।

### इंडस्ट्री में तेल की जरूरत बरकरार



इसके बावजूद चीन में तेल की मांग पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री (प्लास्टिक, केमिकल आदि बनाने वाले सेक्टर) में इसका इस्तेमाल अभी भी बढ़ रहा है, ताकि वह अपनी सप्लाई चेन मजबूत कर सके। चीन की केमिकल इंडस्ट्री तेजी से इसलिए बढ़ी क्योंकि सरकार ने इसमें भारी निवेश किया, सस्ते लोन दिए और यूनिवर्सिटीज को भी इस सेक्टर के हिसाब से तैयार किया। यह रफ्तार शी जिनपिंग के दौर में और तेज हुई, खासकर तब जब ट्रम्प के पहले कार्यकाल में अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वॉर शुरू हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रम्प की नीतियों ने चीन को और ज्यादा आत्मनिर्भर बनने के लिए मजबूर किया। 2019 में उस समय के प्रधानमंत्री ली केचियांग ने कहा था कि चीन को कोयले से बिजली के साथ-साथ केमिकल भी बनाने चाहिए, ताकि समुद्र के रास्ते आने वाले तेल पर निर्भरता कम हो सके। यह पहले की नीति से अलग था, जिसमें कोयले का इस्तेमाल कम करने पर जोर था।

## चीन ने फैक्ट्रियों और प्रोडक्शन को मजबूत बनाया



चीन की सरकार लंबे समय से यह मानती है कि मजबूत इंडस्ट्री ही देश की असली ताकत होती है। इसी सोच के तहत उसने अपनी फैक्ट्रियों और उत्पादन क्षमता को इतना मजबूत बना लिया है कि उसे बाहर के देशों पर कम निर्भर रहना पड़े। खास तौर पर उसने उन सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दिया, जो उसके लिए रणनीतिक रूप से जरूरी हैं। सरकार सीधे तौर पर दिशा देती रही कि किन क्षेत्रों को मजबूत करना है, ताकि चीन किसी भी पश्चिमी देश के दबाव में न आए। ऊर्जा इस पूरी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा रही है। कुछ साल पहले तक चीन पेट्रोल-डीजल वाली गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन अब वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। इसका मतलब यह है कि वहां अब बड़ी संख्या में गाड़ियां तेल की जगह बिजली से चल रही हैं, जिससे तेल पर निर्भरता कम हो रही है।

### वियनताम-फिलीपींस ने चीन से मदद मांगी

हाल ही में वियतनाम और फिलीपींस जैसे देशों को जब ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने चीन से मदद मांगी। चीन ने भी कहा कि वह दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मिलकर ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर काम करने को तैयार है।

चीन की यह सोच नई नहीं है। साल 2000 के आसपास उसे इस बात की चिंता होने लगी थी कि उसका तेल कुछ खास समुद्री रास्तों पर निर्भर है, जैसे मलक्का स्ट्रेट। अगर वहां कोई समस्या होती है, तो सप्लाई रुक सकती है। इसी वजह से 2004 में चीन ने इमरजेंसी तेल भंडार बनाना शुरू किया और अब वह लगातार इसे बढ़ा रहा है।

फिर भी चीन पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। चीन आज भी दुनिया में तेल और गैस का सबसे बड़ा खरीदार है। आज भी उसकी करीब 75% तेल जरूरतें आयात से पूरी होती हैं। हालांकि चीन अपने भंडार का सही आंकड़ा नहीं बताता, लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2025 में उसका कच्चे तेल का आयात 4.4% बढ़ा, जबकि खपत 3.6% बढ़ी। लेकिन पिछले कुछ सालों में चीन ने इलेक्ट्रिक गाड़ियों और रिन्यूएबल एनर्जी (जैसे सोलर और विंड) पर भारी पैसा खर्च किया है। इसका असर अब दिखने लगा है। पेट्रोल, डीजल और रिफाइंड ऑयल की मांग लगातार दो साल से घट रही है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 08 अप्रैल, 2026

सुभाषितानि

दुयतं पुस्तकवाद्ये च नाटकेषु च सक्तिता।।
स्त्रियस्तन्द्रा च निन्द्रा च विद्याविघ्नकराणि षट्।।

**भावार्थ** : खेल में अष्टक, वाडो, नाट्य (बाधा), (पुरुष), तंद्रा और निंद्रा- येंद्र शास्त्री में।

विद्या वितर्का विज्ञानं स्मृतिः तत्परता किया।
यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते।।

**भावार्थ** : ज्ञान, तर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और दक्षता, जिसके पास ये छह हैं, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

## मण्डलानगरे द्वयोः द्विचक्रिकयोः मध्ये मुखाभिमुखस्य टकरावस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मण्डला

मध्यप्रदेशस्य राष्ट्रियराजमार्गस्य ३० मण्डला-रायपुरखण्डे चाटोर्ला-समीपे द्वयोः मोटरसाइकिलयोः सह हिंसकः मुखामुखः टकरावः अभवत् दुर्घटनायाः परिणामेण त्रयः युवानः दुःखदः स्थले एव मृतः, चतुर्थः युवकस्य गम्भीराः चोटाः अभवन्। बिछिया थाना प्रभारी रंजीत सैयम ने गढ़ी थाना के अधिकार क्षेत्र में घटित घटना बताया। मृताः सर्वे बिछिया थानाक्षेत्रस्य निवासी आसन्। पीडितानां मध्ये जमुन टोला ग्रामस्य (करणजिया मालपंचायतस्य) द्वौ युवकौ, स्वयं करञ्जिया मालस्य एकः युवकः च अस्ति। स्थानीयवासिनां मते मृतानां मध्ये एकः करणजिया मालस्य निवासी जगदीश यादवः (३६) आसीत् यः लाइनमैनरूपेण कार्यं कुर्वन् दुर्घटनासमये कार्यात् गृहं प्रत्यागच्छति स्म। घटनायाः सूचनां प्राप्य पुलिसदलः घटनास्थलं गत्वा अन्वेषणं आरब्धवान्।

## सम्पादकीयम्

# शतशः मृताः

शतशः मृताः, सहस्राणि निराश्रयाः : अस्य संघर्षस्य भारं सामान्यजनाः एव वहन्ति। डुराण्ड् रेखायाः उभयतः निवसन्तः पूर्वमेव आतङ्कवादात् आरभ्य दारिद्र्यपर्यन्तं अनेकैः कष्टैः सह जूझन्ति। समाचारानुसारं पाकिस्तानस्य आक्रमणेषु १५० तः अधिकाः अफगानिस्तानदेशिनः प्राणान् त्यक्तवन्तः। अत्र अधिकांशः पीडितः महिलाः बालकाः च सन्ति। संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य अनुसारं प्रायः ११५,००० जनाः स्वगृहात् पलायनं कर्तुं बाध्यन्ते। इस्लामाबादस्य दीर्घकालीननीतिः : २०२१ तमे वर्षे तालिबान्-सङ्घस्य सत्तां प्रत्यागत्य पाकिस्तान-अफगानिस्तानयोः सम्बन्धेषु निरन्तरं क्षयः भवति पाकिस्तानदेशः अफगानिस्तानस्य सार्वभौमत्वस्य उल्लङ्घनं बहुवारं कुर्वन् अस्ति। अनेन घोरः मानवीयसंकटः उत्पन्नः अस्ति। यथार्थतः पाकिस्तानस्य कार्याणि स्वस्य असफलतायाः दोषं स्वपरिजनस्य उपरि विक्षेपयितुं सुचिन्तितस्य रणनीतेः भागः अस्ति। द्विगुणित मानक। अन्तर्राष्ट्रीयमान्यतानां उल्लङ्घनस्य कारणेन भारतेन संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य अनुसूचितसङ्घस्य समीपे पाकिस्तानस्य भर्त्सनं कृतम् अस्ति। संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य अन्येषां च उत्तरदायी सदस्यराज्यानां अपि अस्मिन् विषये हस्तक्षेपः करणीयः। यथा अन्येषु वैश्विकसङ्घेषु अफगानिस्तानदेशे अपि निर्दोषजीवनं दावपेक्षया वर्तते; तालिबान्-शासने तेषां भाग्यस्य कृते परित्यक्तुं न शक्यन्ते। अयं संघर्षः पाकिस्तानस्य द्वैधतां उजागरयति यत् यदा कदापि सः।

### सिओनी : चोरः कारात् २५ किलोग्रामं रजतं

# ३० टोलासुवर्णस्य आभूषणं, नगदस्य द्वौ पुटौ च हरति; आतङ्कं जनयति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिवनी

वादनस्य समीपे बर्घाट-नगरस्य बसस्थानके-मध्यप्रदेशस्य सिओनी-मण्डलात् २५ कि.मी.दूरे स्थिते-एकः अज्ञातचोरः केवलं सेकेण्ड्-मात्रेषु एकस्य बुलियन-व्यापारिणः कारात् लक्ष-रूप्यकाणां आभूषणं, नगद-पूरित-पुटद्वयं च चोरितवान् यदा व्यापारी दिलीपमहाजनः गृहं प्रत्यागन्तुं सज्जः आसीत् तदा एव एषा घटना अभवत्; सः स्वकारस्य अन्तः २५ किलोग्रामं रजतं, ३० टोलासुवर्णस्य आभूषणं, प्रायः २ तः ३ लक्षरूप्यकाणि नगदरूपेण युक्तानि पुटानि च स्थापयति स्म, यदा सः स्वस्य दुकानं ताडयितुं दूरं गच्छति स्म।

अन्तरे एकः अज्ञातः चोरः चलच्चित्रात्मक (सिनेमिक) शैल्यां कारद्वारं उद्घाट्य उभयपुटं गृहीत्वा पलायितवान्। दुकानं ताडयित्वा प्रत्यागत्य व्यापारी स्वस्य कारद्वारं विस्तृतं उद्घाटितं दृष्ट्वा स्तब्धः अभवत्। तदनन्तरं एषा प्रमुखा चोरीघटना सम्पूर्णे बसस्थानकक्षेत्रे सनसनी, आतङ्कं च जनयति स्म। बसस्थानकस्य समीपे स्थापितेषु सीसीटीवी-दृश्येषु स्पष्टतया दृश्यते यत् श्वेतशर्टं धारयन् एकः युवकः कारद्वारं उद्घाट्य, द्वयोः पुटयोः पुनः प्राप्तिं कृत्वा, तेषां सह प्रस्थानं करोति।

मोटरसाइकिलेन बालाघाटं प्रति पलायितवान्- पदातिना किञ्चित् दूरं गत्वा चोरः सहकारिणा चालितं मोटरसाइकिलम् आरुह्य बालाघाटस्य दिशि वेगेन गच्छन् दृश्यते। घटनायाः अनन्तरं पुलिसदलानि घटनास्थले आगत्य तत्क्षणमेव अज्ञातचोराणां पहिचानाय, गृहीतुं च अन्वेषणं आरब्धवन्तः। अधिकारिणः समीपस्थजिल्हेषु सम्पर्कं कृत्वा अपराधिनां स्थानं ज्ञातुं गहनं मैनहन्ट् कुर्वन्ति। अपराधस्य विषये सूचनां प्राप्य अपर पुलिस अधीक्षकः दीपककुमारमिश्रः अपि तस्याः रात्रौ विलम्बेन बरघाटं गतः। लक्षशः रुप्यकाणां सुवर्णरजतस्य आभूषणं गृहीत्वा पलायितस्य चोरस्य ग्रहणार्थं सम्प्रति बहुविधपुलिसदलाः कठोरजागृतौ प्रवृत्ताः सन्ति। अन्वेषणे संलग्न पुलिस दल

पुलिस-अधिकारिणः वदन्ति यत्, प्रारम्भिक-निरीक्षणानाम् आधारेण, सीसीटीवी-दृश्येषु एकः अज्ञातः चोरः अप्रयत्नेन कारात् एकं पुटं उत्थाप्य घटनास्थलात् पलायनं कुर्वन् दृश्यते। बरघाट टी.आइ.मोहनीशसिंहबैस् इत्यनेन सूचितं यत् पुटस्य अन्तः विद्यमानस्य सुवर्णरजतस्य आभूषणस्य सटीकं भारं ज्ञातुं वणिक तः दस्तावेजाः याचिताः सन्ति। सम्प्रति बर्घाट-अरी-पुलिस-स्थानयोः दलाः।

### कोटि-कोटि-राज्यबैङ्कस्य

# धोखाधड़ीं कृतवान् सोनी-अस्पतालस्य निदेशकः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

अपि तु सः धनं अन्यकार्यं प्रति प्रेषितवान् । कालान्तरे एतत विशालं ऋणं अप्रदर्शनसम्पत्तौ (ठढअ) परिणतम्, येन बैंकस्य कोटिरूप्यकाणां आर्थिकहानिः अभवत । बैंकेन दाखिलशिकायतया कार्यं कृत्वा सीबीआई जबलपुरेन राजीवलोचनसोनी तस्य भ्रातुः विजयसोनी च विरुद्धं २०२२ तमे वर्षे प्राथमिकी रजिस्ट्रीकृत्य अस्य विषयस्य अन्वेषणं आरब्धम्। सीबीआइ-संस्थायाः एतत कार्यम् अत्यन्तं गोपनीयतायाः सह निष्पादितम् । जबलपुरतः आगतं दलं गतदिनद्वयं यावत इन्दौरनगरे शिविरं कृत्वा अभियुक्तानां क्रियाकलापस्य निकटतया निरीक्षणं कुर्वन् आसीत। गुरुवासरे यदा दलेन न्यूपलासियादेशस्य मनोरमगञ्जनगरे राजीवस्य निवासस्थाने छापा मारिता तदा सः गृहे एव प्राप्तः तदनन्तरं गृहीतः। परन्तु यस्मिन् क्षणे तस्य अनुजः-प्रकरणस्य सह-आरोपितः-अभियानस्य वायुः प्राप्तः, तस्मिन् क्षणे विजयसोनी घटनास्थलात पलायितुं समर्थः अभवत । विजयः स्वस्य मोबाईलफोनम् अपि निष्क्रियं कृतवान् अस्ति; फलतः अधुना सीबीआई-दलानि तस्य अन्वेषणार्थं सम्भाव्यनिगूढस्थानेषु छापां कुर्वन्ति । सम्प्रति आरोपी राजीव लोचन सोनी अस्पताले निहितः अस्ति, सः पुलिस-निग्रहे स्थित्वा चिकित्सां कुर्वन् अस्ति। सीबीआई-अधिकारिणः प्रत्याशन्ति यत चिकित्सालयात निर्गमनस्य तत्क्षणमेव सः कठोरपरीक्षां प्राप्स्यति-एषा प्रक्रिया अस्य घोटाले अधिकानि कतिपयानि स्तराः उद्घाटयिष्यति इति अपेक्षा अस्ति। एषा गिरफ्तारी प्रभावशालिनः व्यक्तिभ्यः कठोरचेतावनीरूपेण कार्यं करोति ये बैंकव्यवस्थायाः शोषणं कृत्वा जनस्य कठिनतया अर्जितधनस्य दुरुपयोगं

## राशिफल

**मेष** : रुके हुए कार्य पूरे होंगे। किसी विशेष व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। मैरिड जातकों की लव लाइफ अच्छी रहेगी।

**वृषभ** : आज के दिन समय और धन दोनों को सोच-समझकर खर्च करें। शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** : इस दौरान आपको कुछ बड़े खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। रिश्तों में बात साफ रखने की जरूरत है।

**कर्क** : मान-सम्मान बढ़ेगा। दिन के अंत में पैसों के लेन-देन से बचें। शादीशुदा लोगों की जिंदगी में खुशियां रहेंगी।

**सिंह** : नौकरी पेशा करने वाले जातकों को नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं। पैसों के मामले में सोच-समझकर खर्च करें।

**कन्या** : आपकी कमाई के साधन में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मन चाहा लाभ होगा। रिश्तों में बात साफ रखना जरूरी रहेगा।

**तुला** : इस दौरान छात्रों का मन पढ़ाई से हट सकता है। परिवार के सदस्यों के बीच मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिक** : आपको सफल होने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। परिवार में माहौल ठीक रहेगा। सेहत ठीक है।

**धनु** : दिन के मध्य में किसी विशेष काम में आपको सफलता मिल सकती है। सेहत का ध्यान रखें, खासकर थकान से बचें।

**मकर** : प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को अच्छी खबर मिल सकती है। रिश्तों में दूरी न आने दें।

**कुंभ** : कुछ खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव भी हो सकता है।

**मीन** : आर्थिक बजट गड़बड़ा सकता है। व्यापारियों को मनचाहा लाभ होगा। रिश्तों में समय देने की जरूरत है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 13 अप्रैल को शनि की राशि में बनेगा ग्रहण योग, ये 3 राशियां रहें सावधान

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहण योग को अशुभ माना जाता है। इसके प्रभाव से कुछ राशियों को विशेष सतर्क रहने की जरूरत होती है, क्योंकि इसका नकारात्मक प्रभाव उनके जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई दे सकता है।

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, सभी ग्रह समय-समय पर राशि परिवर्तन करते हुए अलग-अलग योगों का निर्माण करते हैं। इन सभी में चंद्रमा गोचर का विशेष महत्व होता है, क्योंकि वह सबसे तेज गति से गोचर करने वाला ग्रह है। दरअसल, चंद्रमा लगभग ढाई दिन में राशि बदलता है और शुभ-अशुभ योगों का निर्माण करता रहता है। वर्तमान में चंद्रमा मंगल की राशि वृश्चिक राशि में स्थित



है। लेकिन 13 अप्रैल 2026 को वह शनि की राशि कुंभ में प्रवेश करेंगे। इस राशि में पहले से ही छाया ग्रह राहु हैं। ऐसे में चंद्रमा और राहु की युति होगी, जिसके प्रभाव से ग्रहण योग का निर्माण होने वाला है। यह योग कुछ राशियों के लिए तनाव की स्थिति लेकर आ सकता है और मानसिक अस्थिरता भी जातकों को महसूस हो सकती हैं। ऐसे में आइए इन राशियों को जानते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए यह समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। दरअसल, ग्रहण योग के प्रभाव से मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इस समय छोटी-छोटी बातों को लेकर चिंता बनी रह सकती है। रिश्तों को लेकर अधिक सोच-विचार करेंगे। कार्यक्षेत्र में लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए अपने काम को किसी और के भरोसे छोड़ने से बचें। निवेश अभी न करें अन्यथा आप परेशान हो सकते हैं।

**कन्या राशि –** कन्या राशि वालों के लिए यह समय धैर्य और समझदारी से काम लेने वाला साबित होगा। पढ़ाई-लिखाई या काम में एकाग्रता की कमी महसूस हो सकती है। आप कोई नए काम को लेकर योजना बना रहे थे, तो उसमें बाधाएं आएंगी। इस दौरान किसी भी विवाद में पड़ने से बचें और बातचीत के जरिए समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करें। कन्या राशि वालों को वाणी, संयम और शांत रहकर ही काम को करना बेहतर होगा अन्यथा कोई नया विवाद पनप सकता है।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों को इस दौरान अपने रिश्तों पर खास ध्यान देने की जरूरत होगी। इश समय लव लाइफ में तालमेल बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ सकते हैं। छोटी-छोटी गलतफहमियां बड़े विवाद का रूप ले सकती हैं। मीन राशि वालों की घरेलू मामलों को लेकर भी चिंता बढ़ सकती है, जिससे मन थोड़ा विचलित रहेगा। व्यापार में नए लोगों के आने से आप स्वयं को अलग महसूस कर सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### हिरासत में जानलेवा हमले का एक आरोपी, 2 फरार

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग नीमनवासा में सोमवार रात पुराने विवाद में शुभम पिता सुन्दरलाल 24 साल नीमनवासा और बंटी पिता सदन महतो 21 साल निवासी पांड्याखेड़ी पर लक्ष्मण लौहार, सुरेन्द्र लौहार और बादल ने चाकू, पत्थर से हमला कर दिया था। शुभम चाकू के गहरे घाव लगने पर गंभीर घायल हो गया था। बंटी को पत्थर से चोंट लगी थी। दोनों को आधी रात उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। मंगलवार को हमले में शामिल सुरेन्द्र लौहार को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ कर उसके 2 फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने वाले संजय मालवीय ने बताया कि दोनों घायल आरो प्लांट पर काम करते है। रात में गरोठ रोड से प्लांट बंद कर लौट रहे थे। वहीं पुलिस का कहना था कि घायल और हमलावरों के बीच 2 दिन पहले विवाद हुआ था। उस वक्त मामला शांत करा दिया गया था। रात में हुए विवाद के दौरान सुरेन्द्र को भी चोंट आई थी। जिसका अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया था।

### सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर




**उज्जैन।** महिदपुर के नागोरी मोहल्ला में रहने वाली नबिहा फातिमा बाजार से पैदल घर लौट रही थी। उसी दौरान जमातखाने के सामने सड़क पार करते समय तेजगति से आये बाइक क्रमांक एमपी 45 झेड एल 3592 के चालक ने टक्कर मार दी। नबिहा फातिमा गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में महिदपुर पुलिस ने घायल महिला के परिवार में शामिल मुदस्सिर हुसैन की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का एक अन्य मामला नागदा थाना क्षेत्र के ग्राम अलसी बालाजी स्थित इंटरनेशलन पब्लिक स्कूल के सामने हुआ। बाइक सवार निलेश पिता कन्हैयालाल शर्मा 21 साल निवासी ग्राम रूपेटा और रिश्तेदार किर्ती पति समरथ शर्मा 38 साल निवासी ग्राम बनवाड़ा को कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 9944 के चालक ने टक्कर मार घायल कर दिया। दुर्घटना में दोनों के साथ सुखदेव पिता आनंदीलाल शर्मा 50 साल को भी चोंट आई है।

### कच्ची शराब के साथ पुलिस ने युवक को पकड़ा

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण पर निकली पंवासा थाना पुलिस को मक्सीरोड शंकरपुर क्षेत्र में एक युवक हाथ में प्लास्टिक की केन लेकर जाता दिखाई दिया। शंका होने पर उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने का प्रयास किया, पुलिस ने उसे कुछ दूर पीछा कर पकड़ लिया। उसके पास केन की तलाशी ली गई तो उसमें दुर्गंधयुक्त जहरीली कच्ची शराब भरी होना सामने आई। पूछताछ में युवक का नाम दीपक पिता ईश्वर यादव निवासी पंवासा सामने आया। उसके पास से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद होने पर आबकारी की धारा 49-ए का प्रकरण दर्ज किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 278-7 | 457-6 |
| मेन बाजार | 379-9 | 470-1 |
| मिलन डे | 300-3 | 668-0 |
| मिलन नाइट | 178-6 | 346-3 |

5 9 0

### केन्द्रीय जेल में बंदियों ने नाली में छुपाकर रखा था मोबाइल

# पेन ड्राइव के साथ मिले 7 हजार रुपए नगद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में एक बार फिर बंदियों के पास प्रतिबंधित सामग्री मिलने का खुलासा हुआ है। जेल प्रशासन की टीम द्वारा चलाये गये तलाशी अभियान में की पेड मोबाइल, पेन डाइव, नगदी और जर्दा पुडिया मिली है। 3 बंदियों के खिलाफ जेल अधिनियम की धारा में कार्रवाई की गई है।

जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि खबर मिली थी कि जेल में कुछ बंदियों द्वारा मोबाइल का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें वस्त्र गोदाम का इंचार्ज बनाये गये बंदी कुंदन पिता कैलाश की भूमिका भी है। मामला गंभीर होने पर जांच दल बनाया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस




दौरान गोदाम के पास नाली में छुपाकर रखा गया की पेड मोबाइल सीम लगा और एक पेन डाइव, 7 हजार के लगभग नगद राशि के साथ जर्दा पुडिया मिल गई। जिसे जप्त किया, वस्त्र गोदाम इंचार्ज बंदी कुंदन के साथ मामले में 2 बंदी सुखविंदर पिता सुरेन्द्रसिंह और तुषार पिता राजेन्द्र की भूमिका संदिग्ध पाई गई। तीनों के खिलाफ जेल अधिनियम की धारा में मुलाकात रोकने, सेल में रखने और जेल ट्रांसफर का प्रस्ताव तैयार किया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता है कुंदन

जेल प्रशासन के अनुसार वस्त्र गोदाम का इंचार्ज बनाये गये बंदी कुंदन को दुष्कर्म के मामले में सजा हुई है। वह मूलरूप से इंदौर का रहने वाला है। उसे पिछले माह पैरोल पर रिहा किया गया था, 13 मार्च को ही वापस लौटा था। वहीं सुखविंदर और तुषार उज्जैन के रहने वाले है। दोनों को हत्या के आरोप में सजा सुनाई गई है। कुंदन 7 साल से जेल में है। वहीं सुखविंद साढ़े चार साल और तुषार 7 साल की सजा काट चुका है। मोबाइल की कॉल डिटेल का पता लगाया जायेगा कि तीनों ने किन लोगों से बात की है। वहीं पेन डाइव की जांच होगी।

### प्रहरी के अंडरगारमेंट्स में मिला था जर्दा

कुछ दिन पहले ही केन्द्रीय जेल के प्रहरी नरेन्द्र चौधरी को जेल प्रशासन ने प्रवेश के दौरान पकड़ा था। जिसके अंडरगारमेंट्स में छुपाकर रखे गये जर्दा पाऊच मिले थे। प्रहरी के खिलाफ जेल विभाग की ओर से जांच शुरू कर जवाब मांगा गया था। इससे पहले भी कई प्रहरी मादक पदार्थ, मोबाइल और आपत्तिजनक सामग्री के साथ पकड़े जा चुके है। सख्ती के बाद भी प्रहरी और बंदियों द्वारा अनाधिकृत तरीके से सामग्री का उपयोग किया जाना सामने आ रहा है।

# पहले सौदा किया फिर किराये पर लेकर बेचा दिया ट्रक

### धोखाधड़ी में करने वाले पिता-पुत्र को भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिता-पुत्रों ने मिलकर पहले ट्रक का सौदा कर दिया। कुछ दिनों बाद उसी ट्रक को किराये पर लिया और कुछ महिनों बाद ठिकाने लगा दिया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया। पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि अम्बर कालोनी में रहने वाले महेशप्रसाद तिवारी ने जनवरी 2025 में नलियाबाखल में रहने वाले शिवनारायण प्रजापत से ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 3310 का 4 लाख में सौदा किया था। अनुबंध के बाद ट्रांसफर फार्म 29-30 पर शिवनारायण ने पुत्र गोपाल प्रजापत के हस्ताक्षर कराये और ट्रक पुत्र के नाम होना बताया। महेशप्रसाद ने 4 लाख रुपए दे दिये। कुछ दिनों बाद शिवनारायण ने उक्त ट्रक 11 हजार रुपए प्रतिमाह किराये पर ले लिया। 3 माह तक किराया दिया। उसके बाद किराया देना बंद कर दिया। महेशप्रसाद तिवारी ने ट्रक वापस लौटाने को कहा तो पिता-पुत्र आनाकानी करने लगे। लम्बे समय तक ट्रक नहीं मिला तो मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच के बाद मामले में 6 अप्रैल को पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4), 316 (2), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया। दोनों पिता-पुत्र को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो पता चला कि किराये पर ट्रक लेने के बाद 3 लाख रुपए में सुपर आटो गैरेज को स्कैप में बेच दिया था। प्रधान आरक्षक रावत के अनुसार ट्रक बेचने का खुलासा होने पर दोनों पिता-पुत्र को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# इंदौर में छुपे थे हत्या आरोपी, घटनास्थल की कराई तस्दीक

### 6 दिन गिरफ्त में आये, आज कोर्ट में पुलिस करेगी पेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लिफ्ट मांगने पर हुए विवाद में चाकू मारकर युवक की हत्या में शामिल 2 फरार आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया। शाम को दोनों से घटनास्थल की तस्दीक कराई गई। आरोपियों का एक साथी पूर्व में पकड़ा जा चुका था।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड से गुरूवार सुबह एक युवक की खून से सनी लाश मिली थी। मामला हत्या का सामने आया था और मृतक की पहचान आरिफ उर्फ भूरू पिता अब्दुल गफ्फार निवासी बेगमबाग के रूप में हुई थी। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने टीम गठित कर चंद घंटों में आरोपियों की पहचान करते हुए एक आरोपी मोनू उर्फ दीपांशु पिता नारायण बुंदेला 22 साल शिवशक्तिनगर को देवासरोड स्थित नागझिरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था।



उसने लिफ्ट मांगने पर हुए विवाद में अपने साथी लक्की पिता पिता हेमू 22 साल और रेहान पिता रफीक मंसूरी 20 साल निवासी गांधीनगर के साथ चाकू मारना स्वीकार किया था। पुलिस ने लक्की और रेहान की तलाश में दबिश मारी, लेकिन दोनों फरार होना सामने आये, जिनकी तलाश में एक टीम लगातार ठिकाने तलाश रही थी। मंगलवार को खबर मिली कि दोनों इंदौर में है, थाना प्रभारी ने टीम रवाना की और लोकेशन ट्रेस कर दोनों फरार आरोपियों को अरविंदों अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उज्जैन लाने पर शाम को उन्हे घटनास्थल आगररोड ले जाया गया। जहां घटना की तस्दीक कराई और उनके भागने वाले रास्ते की जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस अब दोनों से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद करने का प्रयास कर रही है। पूर्व में जेल भेजे गये मोनू से बाइक जप्त की गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार, रिमांड पर पूछताछ

# मंदसौर से डोडाचूरा बेचने बड़नगर आया था युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नशामुक्ति अभियान में बड़नगर पुलिस ने मंदसौर के युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से डोडाचूरा मिला। युवक बड़नगर कस्बे की फैक्ट्रियों में काम करने वाले पंजाबी लोगों को बेचने आया था।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि सोमवार-मंगलवार रात सूचना मिली थी कि ग्राम मौलाना ब्रिज के पास यात्री प्रतिक्षालय के सामने बिना नम्बर की बाइक पर एक युवक आया हुआ है। उसके पास मादक पदार्थ है और वह किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल की टीम को अलर्ट किया गया और प्रतिक्षालय के पास घेराबंदी की। लालरंग की शर्ट और काले पेंट में एक युवक दिखाई दिया। जिसने



पुलिस को देख बिना नम्बर की बाइक से भागने का प्रयास किया। टीम ने उसे पीछा कर पकड़ा। उसके पास से बेग जप्त कर पूछताछ की गई। युवक ने अपना नाम शिवराज पिता अर्जुनसिंह शक्तावत 21 साल ग्राम धाकड़ी थाना पिपलिया मंडी मंदसौर बताया। उसके बेग की तलाशी लेने पर उसमें डोडाचूरा भरा मिला, जो 3 किलो 125 ग्राम पाया गया। मामले में युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 का प्रकरण दर्ज किया गया। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। बरामद डोडाचूरा 32 हजार और बाइक 90 हजार कीमत की है।

### आरोपी बोला पंजाबी लेने आते थे डोडाचूरा

बताया जा रहा है कि डोडाचूरा के साथ गिरफ्त में आये युवक ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि बड़नगर क्षेत्र की फैक्ट्रियों में बड़ी संख्या में पंजाबी लोग काम करते है। डोडाचूरा का सेवन उनके द्वारा किया जाता है। उन्हे ही बेचने आया था। प्रतिक्षालय के पास पंजाबी व्यक्ति आने वाला था। थाना प्रभारी के अनुसार युवक को डोडाचूरा उपलब्ध कराने और खरीदने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### खाचरौद-तराना में मिले गांजा सप्लायर

अवैध मादक पदार्थ को लेकर 1 से 10 अप्रैल तक चलाये जा रहे अभियान में तराना थाना पुलिस ने अग्रवाल वेयर हाऊस के पास से 60 साल के मेहबूब पिता याद अली निवासी बड़ा बाजार कायथा को 425 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। गांजा 6 हजार रुपए कीमत का है। खाचरौद पुलिस ने अकबर पिता उमर 38 साल निवासी पुराने थाने के पास को गिरफ्तार कर 574 ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ में अकबर ने कबूला कि वह गांजा अंकुश पिता शशी निवासी नरसिंग मंदिर से लेकर आया था। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के अनुसार अंकुश का नाम सामने आने पर उसे भी सह आरोपी बनाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com